देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 282 । भोपाल, बुधवार 11 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

2 कारें टकराईं, एक के ऊपर चढ़ी दूसरी पृष्ठ 3
▪ 5 सूबों की सरकारें बनने-बिगड़ने से बढ़कर हैं ये चुनाव
▪ जाति जनगणना इंडिया का भाजपा के खिलाफ मुख्य हथियार पृष्ठ 4
▪ अवैध संबंधों की आशंका पर डंडों से पीट-पीटकर युवक की हत्या पृष्ठ 6
लाड़ली बहना योजना बंद नहीं होगी, लेकिन नए हितग्राही नहीं जुड़ेंगे पृष्ठ 8

शहडोल की जन आक्रोश रैली में बोले राहुल गांधी

# भाजपा की प्रयोगशाला में मरे हुए लोगों का इलाज होता है





**शहडोल, देशबन्धु।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मध्यप्रदेश आरएसएस और भाजपा की प्रयोगशाला है। उन्होंने इस संबंध में वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवानी की एक किताब का हवाला देते हुए कहा कि आडवानी जी ने कहा था कि आरएसएस और भाजपा का सच्चा कारखाना गुजरात नहीं मध्यप्रदेश है।

शहडोल जिले के ब्यौहारी में राहुल गांधी ने जनआक्रोश रैली को सम्बोधित करते हुए भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के किसी भी प्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज नहीं किया जाता, लेकिन मध्यप्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है। राहुल ने कहा कि मध्यप्रदेश में शिव जी का नाम लेकर महाकाल कॉरिडोर में घोटाला किया जाता है, मिड–डे मील में चोरी की जाती है, बच्चों की स्कूल यूनिफॉर्म में चोरी की जाती है, प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जाता है, एमबीबीएस की सीट बेची जाती है। उन्होंने कहा कि व्यापमं में एक करोड़ युवाओं का भविष्य बर्बाद किया जाता है, पटवारी बनने के लिए 15 लाख की रिश्वत ली जाती है।

श्री गांधी ने कहा कि प्रदेश में 18 साल में 18 हजार किसान यहां आत्महत्या करते हैं, भाजपा की प्रयोगशाला में 3 किसान रोज यहां आत्महत्या करते हैं, मंदसौर में किसानों को गोली मारी जाती है। कांग्रेस नेता राहुल ने महिला उत्पीड़न का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा की इस प्रयोगशाला में हर रोज महिलाओं से दुष्कर्म हो रहा है। भोपाल में एक लड़की का रेप होता है और उसे बचाने की कोशिश में भाई की पुलिस के सामने हत्या कर दी जाती है। ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## पिछड़ों की जनगणना देश का एक्सरे

कांग्रेस नेता राहुल ने कहा कि दलित, आदिवासी एवं पिछड़ों की जनगणना देश का एक्सरे है वो हम करवाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं मोदीजी को चुनौती देता हूं कि हमनें जो जाति जनगणना करवाई थी, उसके आंकड़े जनता के सामने रखें, मोदी जी पाकिस्तान, अफगानिस्तान समेत दुनिया भर की बात करते हैं, लेकिन जाति जनगणना पर बात नहीं करते, क्योंकि इनका रिमोट अडानी के हाथ में है।

## हम वही वादे करते हैं जो पूरे किए जा सकें

राहुल ने कहा कि हम मोदी जी की तरह झूठे वादे नहीं करते। हम वादे वही करते हैं जो पूरे किए जा सकें। हम प्रदेश में हर मां–बहन को 15 सौ रुपए प्रतिमाह देंगे, 5 सौ रुपए में सिलेंडर देंगे, 1 सौ यूनिट बिजली मुफ्त देंगे, आदिवासियों को तेंदूपत्ता की राशि 4 हजार देंगे। आप सबने इतनी प्यार मोहब्बत से मेरी बात यहां आकर एवं टीवी पर सुनी, आप सब का दिल से धन्यवाद।

कमलनाथ ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा, बोले-

## प्रदेश में अर्थव्यवस्था से लेकर कृषि तक सब चौपट



पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज यह प्रदेश आदिवासियों पर अत्याचार में नंबर वन है और प्रदेश में लगातार अत्याचार बढ़ता जा रहा है। यह प्रदेश चौपट प्रदेश बन गया है। कमलनाथ ने रानी दुर्गावती, बादल भोई, टंट्या मामा को याद करते हुए कहा कि मैं आदिवासी क्षेत्र छिंदवाड़ा से आता हूं। आज यहां आकर बहुत खुशी हुई। राहुल गांधी आप उस प्रदेश में आए हैं, जहां चौपट सरकार सालों से चल रही है। यहां अर्थव्यवस्था से लेकर कृषि तक सब कुछ चौपट है। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा के बाद ये पहली सभा है। इस चुनाव में मध्य प्रदेश के भविष्य का फैसला होना है। आने वाली पीढ़ियों को कैसा मध्य प्रदेश देना चाहते हैं, ये आने वाला चुनाव तय करेगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही हम सबसे पहले रेत माफिया से निपटेंगे। रेत का अधिकार आपको देंगे। शिवराज ने घर–घर में शराब दी है। हमारी सरकार ने अपनी नीति और नियत का परिचय दिया। 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया, शहडोल के 18 हजार किसानों का कर्ज पहली किस्त में माफ किया। 100 रुपये 100 यूनिट बिजली दी। एक हजार गौशाला बनाई। हमने पेंशन बढ़ाई। हमने मध्यप्रदेश की पहचान बनाने की कोशिश की। यहां निवेश आए और यहां के युवाओं को रोजगार मिले। ये मेरा प्रयास था।

शिवराज ने राहुल और कमलनाथ पर साधा निशाना, कहा-

# झूठे वचन पत्र के लिए माफी मांगें



**भोपाल, देशबन्धु।** राहुल गांधी बात मोहब्बत की करते हैं, लेकिन असलियत में वो झूठ की दुकान चला रहे हैं, मध्यप्रदेश आकर भी वो सिर्फ झूठ ही बोलते हैं। शहडोल के ब्यौहारी में महिला अपराध और आदिवासियों को लेकर वे सिर्फ झूठ बोलकर चले गए। दरअसल राहुल बाबा कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ और राजस्थान की सरकारों द्वारा किये जा रहे काले कारनामों को मध्यप्रदेश में गिना रहे हैं, क्योंकि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में 20 साल में जनकल्याण और विकास के जो कार्य हुए हैं उसमें हर वर्ग खुशहाल है। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा महिलाओं के लिए झूठी गारंटी देने पर श्री चौहान ने कहा कि बैगा, भारिया और सहरिया बहनों को आहार अनुदान के तहत मिलने वाले 1000 रुपए बंद करने वाले आज किस मुंह से महिलाओं के विकास की बात कर रहे हैं। राहुल बाबा जवाब दें आखिर क्यों आदिवासी बहनों के हक छीना, क्यों किसानों की कर्जमाफी न करके उन्हें डिफाल्टर बनाया? क्यों 4000 रुपए बेरोजगारी भत्ते का युवाओं से झूठा वादा किया? राहुल गांधी जी आपने और कांग्रेस ने मध्यप्रदेश को बस छलने और ठगने का काम किया है, आप वोट नहीं मध्यप्रदेश की जनता से माफी मांगिये। श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को बांटा है, राहुल गांधी भी मध्यप्रदेश को बांटने के लिए आए थे। उन्होंने कहा आगे कहा कि राहुल बाबा झूठ की दुकान के मैनेजर हैं और कमलनाथ झूठ के सेल्समेन, दोनों मिलकर मध्यप्रदेश में झूठ बेच रहे हैं। राहुल बाबा मध्यप्रदेश की जनता से कमलनाथ की करप्शन, कमीशन और क्राइम वाली 15 माह की सरकार के कुकर्मों के लिए माफी मांगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राहुल गांधी ने 2018 के चुनाव के समय मध्यप्रदेश आकर किसानों की कर्जमाफी का वादा किया था, और कहा कहा था यदि 10 दिन में कर्जमाफ नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री बदल दूंगा, लेकिन सच्चाई इसके उलट है न तो कांग्रेस की सरकार कर्जा माफ कर सकी और न ही मुख्यमंत्री बदल सकी। इसलिए मध्यप्रदेश की जनता ने सवा साल में ही कांग्रेस की सरकार बदल दी।

## सार-समाचार

### रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत व इटली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इटली ने अनुसंधान एवं विकास, सह–विकास, सह–उत्पादन और संयुक्त उद्यमों की स्थापना सहित विभिन्न रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इटली और फ्रांस की यात्रा के पहले चरण में सोमवार को रोम में इटली के रक्षा मंत्री ग्वीदो क्रोसेत्तो के साथ बातचीत के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने प्रशिक्षण, सूचना साझा करने, समुद्री अभ्यास और समुद्री सुरक्षा सहित रक्षा सहयोग के कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में रक्षा उद्यमों में सहयोग के अवसरों का पता लगाने पर मुख्य रूप से चर्चा हुई।

### मंडला में जन आक्रोश रैली में शामिल होंगी प्रियंका गांधी



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 12 अक्टूबर को मध्य प्रदेश के मंडला में कांग्रेस की जन आक्रोश रैली में शामिल होंगी और एक जनसभा को संबोधित करेंगी। प्रदेश कांग्रेस की ओर से यहां मुहैया कराई गई जानकारी के अनुसार प्रियंका गांधी वाड्रा 12 अक्टूबर को मंडला पहुंचेंगी, जहां वे कांग्रेस की जन आक्रोश रैली में शामिल होंगी। प्रियंका गांधी वहां के रामनगर ग्राउंड में दोपहर लगभग 12 बजे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगी।

### कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची श्राद्ध पक्ष के बाद



**सतना, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि पार्टी प्रत्याशियों की सूची श्राद्ध पक्ष के बाद आएगी। कमलनाथ ने यहां मीडिया के एक सवाल के जवाब में कहा कि यह कार्य श्राद्ध के बाद होगा। इस दौरान उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राज्य की जनता ने भाजपा की विदायी का मन बना लिया है। अब भाजपा के पास कुछ नहीं बचा है और इसका अहसास उन्हें (भाजपा) हो गया है। विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होने के साथ ही सभी 230 सीटों पर नामांकनपत्र दाखिले का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। अभी तक कांग्रेस प्रत्याशियों की एक भी सूची नहीं आई है।

### अदालत ने संजय सिंह की हिरासत 3 दिन बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ईडी हिरासत 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी। एक अधिकारी ने कहा, अब समाप्त हो चुके उत्पाद शुल्क नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजय सिंह को पांच दिन की पुलिस हिरासत खत्म होने पर राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष पेश किया गया था। वित्तीय जांच एजेंसी ने 4 अक्टूबर को नॉर्थ एवेन्यू इलाके में उनके आवास पर छापेमारी के बाद आप नेता संजय सिंह को गिरफ्तार किया था।

### जम्मू-कश्मीर में सेना के साथ मुढभेड़ में 2 आतंकी ढेर

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के शोपियां के अलशीपोरा में सेना के एनकाउंटर में मंगलवार सुबह दो आतंकी मारे गए हैं। इनकी पहचान मोरीफत मकबूल और जाजिम फारूख उर्फ अबरार के नाम से हुई है। दोनों लश्करे–तैयबा आतंकी संगठन से जुड़े थे। कश्मीर के असिस्टेंट डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ने बताया कि आतंकी अबरार कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल था। इलाके में बड़ी संख्या में सैन्य बल तैनात है। और भी आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।

# ईडी ने राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्क की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** धन शोधन मामलों की जांच करने वाली वित्त मंत्रालय की एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्कु की हैं जो उन्होंने वन एवं पर्यावरण मंत्री रहते हुए अर्जित की थीं। ईडी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ये सम्पत्तियां राजा की बेनामी कंपनी मेसर्स कोवई शेल्टर्स प्रमोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर थी। इन्हें राजा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत कुर्कु किया गया है। बयान में कहा गया है कि पीएमएलए के तहत स्थापित निर्णायक प्राधिकारी ने कुर्की की पुष्टि की । ईडी की जांच में पता चला कि राजा पर्यावरण मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान (2004 से 2007 तक) एक गुरुग्राम की एक रियल–एस्टेट कंपनी को पर्यावरणीय

### वन एवं पर्यावरण मंत्री रहते हुए अर्जित की थीं

स्वीकृति प्रदान की। यह कंपनी देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों में है और इसके शेयर बीएसई में सूचीबद्ध हैं।

### 45 एकड़ जमीनें खरीदी गई

बयान के अनुसार रियल–एस्टेट कंपनी ने बदले में ए. राजा को रिश्वत दी है। यह रिश्वत वर्ष 2007 के आसपास भूमि के लिए कमीशन के रूप में राजा की बेनामी कंपनी के हाथ में गई। यह कंपनी राजा ने 2007 में अपनी अपने परिवार के सदस्यों और उनके करीबी पारिवारिक मित्रों के नाम पर गठित की थी। इस कंपनी के गठन का एक मात्र उद्येश्य अपराध की कमाई को ठिकाने लगाने का एक मार्ग निकालना था। इस कंपनी का कोई कारोबार नहीं थी। ईडी की जांच से पता चला कि इस कंपनी को मिले कमीशन के पैसे से कोयंबटूर में लगभग 55 करोड़ रुपए की 45 एकड़ जमीनें खरीदी गई ।

## आप विधायक अमानतुल्ला के ठिकानों पर भी छापेमारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामलों की जांच के तहत मंगलवार को ओखला के आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्ला खान के परिसरों पर तलाशी ली। ईडी ने यह कार्रवाई आप नेता एवं सांसद संजय सिंह के आवास पर छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार करने और दिल्ली शराब नीति से जुड़े एक मामले में 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ करने के बाद की है।

मोरबी पुल हादसा पर एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट

# निजी कंपनी को ठहराया जिम्मेदार

### हादसे में 135 लोगों की हो गई थी मौत

**अहमदाबाद, एजेंसी।** मोरबी पुल ढहने के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने गुजरात उच्च न्यायालय को 5,000 पन्नों की एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में ओरेवा कंपनी के प्रमुख कर्मियों को दोषी ठहराया गया है जो पुल के संचालन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार थी। मोरबी में मच्छू नदी पर बना झूला पुल 30 अक्टूबर, 2022 की शाम को ढह गया था। राज्य सरकार ने मामले की गहन जांच करने के लिए एक समिति का गठन किया था। गौरतलब है कि इस महत्वपूर्ण पुल के रखरखाव और निगरानी का जिम्मा ओरेवा ग्रुप को सौंपा गया था। एसआईटी रिपोर्ट के अनुसार ओरेवा के प्रबंध निदेशक जयसुख पटेल, प्रबंधक दिनेश दवे और प्रबंधक दीपक पारेख घटना के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

### सुरक्षा उपकरणों भी नहीं थी पर्याप्त व्यवस्था

इसके अतिरिक्त इसमें पुल के उद्घाटन से पहले की गई फिटनेस रिपोर्ट की अनुपस्थिति और स्थानीय नगरपालिका अधिकारियों से इनपुट मांगने में ओरेवा कंपनी की विफलता को भी नोट किया गया है। इसके अलावा, टिकटों की बिक्री बिना किसी सीमा के संचालित हुई। पुल पर सुरक्षा उपकरणों और कर्मियों की अपर्याप्त व्यवस्था भी उतनी ही चिंताजनक पाई गई।

राजनीतिक दलों के लिए धन जुटाने के स्रोतों में शामिल


# चुनावी बांड योजना पर 31 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह 'चुनावी बांड योजना' की वैधता पर फैसले के लिए 31 अक्टूबर को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा और इसमें कोई बाधा आती है तो अगले दिन भी सुनवाई की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ , न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अंतिम सुनवाई की तारीख तय करने का फैसला किया। शीर्ष अदालत के समक्ष एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), डॉ.जया ठाकुर (कांग्रेस नेता), स्पंदन बिस्वाल और अन्य की ओर से केंद्र सरकार की चुनावी बांड योजना के खिलाफ दायर की गई थी। चुनावी बांड योजना राजनीतिक दलों के लिए धन जुटाने के प्रमुख स्रोतों में शामिल है। पीठ के समक्ष एनजीओ एडीआर के वकील




प्रशांत भूषण ने कहा कि चुनावी बांड योजना को इस लिए चुनौती दी गई कि यह एक धन विधेयक में पारित किया गया था। इसके अलावा गुमनाम फंडिंग के प्रावधान के कारण यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। इस योजना से राजनीतिक दलों को बड़ी मात्रा में धन उन कंपनियों से आता है, जिन्हें उनसे कुछ लाभ प्राप्त हुआ है। इस तरह यह भ्रष्टाचार को भी भी बढ़ावा देता है।

### निलंबन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे राघव



आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा से निलंबन के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इसके अलावा उन्होंने सरकारी बंगला खाली करने का आदेश देने वाले ट्रायल कोर्ट के फैसले को भी दिलली हाईकोर्ट में चुनौती दी। जिस पर जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव नरुला की बेंच 11 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। राघव ने दोनों याचिकाएं 10 अक्टूबर को दाखिल कीं।



## सार समाचार

### कस्तूरबा कॉलेज में नाटक प्रतियोगिता आयोजित



**गुना, देशबन्धु।** शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में मप्र प्रदेश शासन के स्वीप प्लान अंतर्गत प्राचार्य डॉ. विनीता जैन के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पूनम पारीख द्वारा नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं मतदाता जागरूकता विषय पर नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत किया। प्रस्तुत नुक्कड़-नाटक में शारदा धाकड़, आरती जाटव, राधिका धाकड़, मुस्कान साहू, रचयिता सिंह सिसोदिया, हेमलता अहिरवार एवं आरती ओझा ने भागीदारी की। निर्णायक मंडल में रूपाली रावत, प्रीति यादव, कीर्ति सोनी, श्रीमती सोनू सिसोदिया प्रशांत आर्य रहे। अंत में प्राचार्य द्वारा सभी छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी गई।

### पिकअप चालक ने सड़क पर बैठी गाय को मारी टक्कर

**गुना, देशबन्धु।** जिले के जामनेर थानांतर्गत बालिका छात्रावास के पास से एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सड़क किनारे बैठे गौवंश को रौंद दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मनोज सैनी ने बताया कि गत रात को वह अपने जंजाली-मधुसूदनगढ़ रोड स्थित खेत पर पानी दे रहा था। तभी बालिका छात्रावास जामनेर के पास रोड पर टक्कर मारने की आवाज सुनाई दी। जब उसने पास जाकर देखा तो पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 15 बीटी 7529 के चालक ने सड़क किनारे बैठी गाय एवं उसके दो बच्छड़ों को रौंद दिया। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर पिकअप चालक पर मामला दर्ज किया है।

### आज रहेगी बिजली गुल

**गुना, देशबन्धु।** मेंटीनेंस के चलते बुधवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। सहायक प्रबंधक ने बताया कि म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लिमि गुना द्वारा 33/11 के.व्ही. पावर हाउस सब-स्टेशन से 11 के.व्ही. पर मेंटनेस कार्य के चलते बूढेबालाजी फीडर पर दिनांक 11 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा । जिससे लक्ष्मीगंज, सोनी कॉलोनी, बडा कुम्हार मौहल्ला, जैन मंदिर, कांजी हाऊस, चौधरन कॉलोनी, तलैया मौहल्ला, राधे नगर, विश्वकर्मा कॉलोनी, दुबे कॉलोनी, न्यू टेकरी रोड आदि क्षेत्र विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। इसी प्रकार 11 के.व्ही. पर मेंटनेस कार्य के चलते नई सडक फीडर पर दिनांक 11 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा जिससे नई सडक, जैन भोजनालय, सदर बाजार, सुगन चौराहा आदि क्षेत्र विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा आवयकतानुसार समय घटाया एवं बढाया जा सकता हैं ।

### आरक्षक को 4 पहिया वाहन ने मारी टक्कर, भोपाल रैफर के दौरान मौत

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली में पदस्थ एक आरक्षक की मंगलवार दोपहर को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। आरक्षक पुलिस लाईन स्थित अपने निवास से मोटर सायकिल से काम से गुना बाजार की ओर आ रहा था। तभी एक चार पहिया वाहन ने उन्हें रौंद दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली गुना में पदस्थ आरक्षक वीरेंद्र मौर्य सोमवार-मंगलवार को रात्रि ड्यूटी पर थे। मंगलवार दोपहर को वह पुन- पुलिस लाईन स्थित अपने आवास से काम के सिलसिले में मोटरसाइकिल से बाजार आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में चार पहिया ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली टीआई अनूप भार्गव सहित अन्य स्टॉफ भी जिला अस्पताल पहुंचा। यहां उनकी हालत गंभीर होने पर भोपाल रैफर कर दिया गया। लेकिन उन्हें रास्ते में ही दम तोड़ दिया है। मृतक आरक्षक के दो बच्चे हैं। घटना के बाद समूचे पुलिस बल में शोक की लहर दौड़ गई।

*दमन से अरुणाचल प्रदेश जा रही थी अवैध शराब*

# एक करोड़ की अवैध शराब के साथ टेंकर पकड़ा

*__गुना, देशबन्धु।__ पुलिस ने दमन से करीबन एक करोड़ रुपए की 34 हजार लीटर अवैध शराब लेकर अरूणाचल प्रदेश जा रहे टेंकर को पकड़ा है। टैंकर पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर अवैध शराब ले जाई जा रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार खत्री को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रूठियाई की ओर से आ रहे एक टैंकर क्रमांक एचआर 37 डी 0071 में भारी मात्रा में अवैध शराब ले जाई जा रही है। उक्त टेंकर अभी रूठियाई से शिवपुरी तरफ निकला है।*

*अवैध शराब परिवहन की इस सूचना के मिलते ही पुलिस अधीक्षक श्री खत्री द्वारा सूचना की तस्दीक व कार्यवाही के लिए कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी को निर्देश दिए। जिस पर कैंट थाने से तत्काल पुलिस की रवाना की गई। टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही की गई और एबी रोड पर ग्राम बिलाबावाड़ी के पास इस टैंकर को रोक लिया गया। जिसके चालक ने अपना नाम अजय कुमार पुत्र राधेरमन सिंह निवासी ग्राम दादवा जिला सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश) का होना बताया, जिसके पास टेंकर के कोई कागजात नहीं होना बताया। पुलिस ने टेंकर को चैक किया तो उसमें 34 हजार लीटर अवैध शराब भरी हुई पाई गई। जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपए आंकी गई है। अवैध शराब परिवहन में पकड़े गए टेंकर के संबंध में जानकारी पता करने पर टैंकर की नंबर प्लेट पर अंकित नंबर एचआर 37 डी 0071 से उक्त टैंकर के चेचिस नंबर का मिलान नहीं पाया गया।*

*इस प्रकार आरोपी टेंकर के असली नंबर को छिपाकर उस पर फर्जी नंबर अंकित कर शराब तस्करी करते पाया गया है। अवैध शराब तस्करी में पकड़े गए आरोपी ने अपने पास से शराब से संबंधित कोई कागजात नहीं होना और जिसे उसके द्वारा दमन से भरकर अरूणाचल प्रदेश लेकर जाना बताया गया है। पुलिस की इस कार्यवाही में 34 हजार लीटर अवैध शराब से पकड़े भरे टेंकर को पुलिस द्वारा विधिवत जप्त कर आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना केंट में आबकारी एक्ट और धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान इस शराब तस्करी के अन्य स्त्रोतों के संबंध में पता कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्रवाई में कैंट थाना प्रभारी पंकज त्यागी के अलावा अमित अग्रवाल, विनोद धाकड़, रामनिवास शर्मा एवं माखन चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।*

*__कुंभराज पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपी को पकड़ा :__ इधर कुम्भराज पुलिस द्वारा भी अवैध शराब के साथ एक को धरदबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंभराज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कुम्भराज-भमावद रोड़ स्थित नदी पुलिया के नीचे एक व्यक्ति के अवैध शराब के साथ पकड़ा। जिसके पास कुल 60 लीटर अवैध शराब बरामद की। पूछताछ में उसने अपना नाम रामजीवन उर्फ जीवन पुत्र बृजमोहन मीना निवासी ग्राम मोहनपुर थाना कुम्भराज जिला गुना का होना बताया। आरोपी पर पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।*

मर्ग कायम कर जांच कर रही पुलिस

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक अन्य लगाई फांसी



**गुना, देशबन्धु।** कैंट थाना अंतर्गत गोपालपुरा क्षेत्र में बीती रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य मामले में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार को दो युवकों के शवों का पीएम कराकर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोहर पुत्र मानसिंह लोधा निवासी पुरानी छावनी बीती रात करीब 10-30 बजे अपनी मोटर सायकिल से नानाखेड़ी ओर से आ रहा था। इसी दौरान गोपालपुरा क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। बताया जाता है युवक को बाइक की टक्कर ट्रेक्टर-ट्राली से हुई थी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल था, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल में मंगलवार सुबह शव का पोस्टमार्टम किया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग की कायमी कर पीएम उपरांत शव परिजानों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इधर कैंट थानांतर्गत ही गोपालपुरा क्षेत्र में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपालपुरा निवासी महेन्द्र पिता शंभू लोधा (32) गत रात को खाना खाकर सो गया था। तड़के कमरे में जब उसके माता-पिता ने उसे देखा तो वह फांसी पर लटका मिला। जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

आरोपियों ने बीती रात घटना को दिया अंजाम

## पुराने लेनदेन पर भिड़े 2 पक्ष, पुलिस ने किया उभयपक्षीय मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत पैसे के लेन देने में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर उभयपक्षीय मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी शिशुपाल उर्फ गोलू यादव निवासी सियाराम कॉलोनी आरोन ने बताया कि गत रात वह बस स्टेंड पर अपने ट्रेक्टर के ड्रायवर रघुवीर उर्फ खेरा आदिवासी से ट्रैक्टर चलाने के संबंध में बात कर रहा था।

तभी वहां फिरोज खान पिता हिमायतउल्ला एवं उसका भाई अफरोज खान आया और पुराने लेनदेन पर गाली गलौंच करने लगा। फरियादी के अनुसार उसे फिरोज से ढाई लाख रुपए लेना है, जिस पर उसने चैक बाउंस का केस उस पर लगा रखा है। इसी रंजिश पर टॉमी और डंडे से उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसके सिर एवं हाथ पैरों में चोटें आई हैं। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं पर मामला दर्ज किया है।

वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी फिरोज खान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात उसे गोविंदा आदिवासी ट्रेक्टर लिए मिला। जिससे वह ग्राहकों को बंजरी डलवाता है। यहां आरोपी शिशुपाल उर्फ गोलू यादव मुझे बंजरी डलवाने से मना कर रहा था और ट्रेक्टर ड्रायवर को जबर्दस्ती अपने साथ ले जाने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी गोलू यादव ने उसके साथ गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों ही मामलों में एक-दूसरे पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में क्रॉस मामला दर्ज किया है।

## मानसिक स्वास्थ्य है एक सार्वभौमिक मानव अधिकार : जिला न्यायाधीश



**गुना, देशबन्धु।** जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में ओमकार नर्सिंग कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश श्री शर्मा ने कहा कि व्यक्तियों और समुदायों के लिए मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है थीम के पीछे एकजुट होने का एक अवसर है, ताकि ज्ञान में सुधार किया जा सके। जागरूकता बढ़ाई जा सके और सार्वभौमिक मानव अधिकार के रूप में सभी के मानसिक स्वास्थ्य को बढावा देने और उसकी रक्षा करने वाले कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके। मानसिक स्वास्थ्य सभी लोगों के लिए एक बुनियादी मानव अधिकार है। हर किसी को, चाहे वह कोई भी हो और जहां भी हो, मानसिक स्वास्थ्य के उच्चतम मानक अधिकार है।

इसमें मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों से सुरक्षित रहने का अधिकार, उपलक्ष्य, सुलभ, स्वीकार्य और अच्छी गुणवत्ता वाली देखभाल का अधिकार और स्वतंत्रता, स्वतंत्रता और समुदाय में शामिल होने का अधिकार शामिल है। शिविर में डारेक्टर ओमकर कॉलेज, मधु कृष्णनी, जिला विधिक सहायता अधिकारी विभूति तिवारी एवं उपस्थित रहीं।

## पेड न्यूज एवं फेक न्यूज पर नजर रखेगा मीडिया सेल

**गुना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विधानसभा निर्वाचन की तारीखों के ऐलान के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता भी प्रभावशील हो गई है। आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय गुना में मीडिया सेल ने अपना कार्य भी शुरू कर दिया है। मीडिया सेल द्वारा निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज और फेक न्यूज पर नजर रखेगी, इसके साथ ही सोशल मीडिया पर 24 घटें नजर रखी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित एमसीएमसी एवं मीडिया सेल का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिपं सीईओ प्रथम कौशिक उपस्थित रहे।

आचार संहिता के साथ ही मीडिया सेल द्वारा कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी हैं, जिसके तहत प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर पेड एवं फेक न्यूज पर निगरानी रखी जायेगी। सभी राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों को विज्ञापन तथा निर्वाचन से एक दिन पहले और निर्वाचन के दिन अपील जारी करने के लिए एमसीएमसी कमेटी से सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा। पेड न्यूज के मामलों में कमेटी द्वारा जनसंपर्क विभाग से निर्धारित विज्ञापन दरो के अनुसार व्यय लेखा में काउंटिग की जायेगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया एवं अन्य प्रचार माध्यमों पर भी नजर रखी जायेगी। फेक न्यूज के मामलो में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कमेटी द्वारा कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार विभिन्न प्रिटर्स को मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम तथा प्रसार संख्या मुद्रित करना अनिवार्य होगा।

## युवा हो या बुजुर्ग, सभी में तेजी से बढ़ रहा तनाव



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**गुना, देशबन्धु।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बूढ़े बालाजी पर मन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन साइकोलॉजिस्ट द्वारा शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी, मेडिकल ऑफिसर एवं एचओडी डॉ. भावना मुकुल द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की जानकारी क्षेत्रवासियों को दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य की सही देखभाल व्यक्ति को खुश और समृद्ध जीवन जीने में मदद करती है। स्ट्रेस या तनाव एक प्रकार का मानसिक स्वास्थ्य विकार है। जिसका जोखिम तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। युवा हों या बुजुर्ग सभी उम्र के लोगों में इस विकार के मामले रिपोर्ट किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों के लिए अपने शारीरिक स्वास्थ्य की ही तरह से मानसिक सेहत का ख्याल रखना भी जरूरी है। दोनों स्वास्थ्य एक दूसरे पर निर्भर होते हैं, यानी अगर आप स्ट्रेस-एग्जाइटी जैसी मानसिक समस्याओं के शिकार हैं, तो इसका असर शारीरिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करने वाले हो सकते हैं। शिविर के दौरान स्टाफ नर्स प्रियंका मरावी द्वारा 35 रोगियों की ब्लड प्रेशर एवं 25 रोगियों की डायबिटीज की जांच की गई। वहीं निधि श्रीवास्तव द्वारा सभी रोगियों को दवाइयां वितरित की गई। इसी क्रम में सुमिता सेंगर द्वारा संस्था पर आए 10 लोगों की आभा आईडी तथा 10 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी द्वारा 149 रोगियों का उपचार किया गया।

कार्यक्रम में मन संस्था के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रिया पटेल, पंकज कुशवाह, इकराम खान, शैली राय, निहारिका भदौरिया, शेरेया रघुवंशी, पूजा मुस्कान, कपिल अपराजिता, सौरभ रघुवंशी, राहुल रघुवंशी, सलीम खान, आकाश प्रजापति, शिवराज रघुवंशी, मेहरबान अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए

## आदर्श आचार संहिता का पालन करें अधिकारी-कर्मचारी



**सीहोर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन की उदघोषणा के पश्चात कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में संचालित विभिन्न कार्यालयों तथा निर्वाचन की कार्यवाही संचालित करने के लिए गठित अनेक सेल-सेंटर का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन का कार्य संपादित कर रहे अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए जरूरी है कि उन्हें जो कार्य सौंपा गया है वे पूरी गंभीरता से समय सीमा में पूरा करें। सभी कार्य त्रटि रहित हो, इसके लिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की भलिभांति जानकारी होना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का स्वयं पालन करने के लिए कहा। उन्होंने कहा किसी कार्य में थोड़ी भी दुविधा हो तो तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारी के ध्यान में लाएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में कन्ट्रोल रूम, निर्वाचन कॉल सेंटर, वीवीटी, सी-विजिल, पेड न्यूज मॉनिटरिंग सेल, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल, एमसीसी सहित कलेक्टर कार्यालय परिसर में संचालित सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्री तन्मय वर्मा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

### मरणोपरांत भी लोगों को रोशनी दे गए स्व. : जैन

**गुना, देशबन्धु।** चिकित्सा जगत में शहर की जानी मानी हस्ती डॉ. कबलूचंद जैन का निधन सोमवार को हो गया। इस दौरान उनकी इच्छा अनुसार मरणोपरांत डॉ. जैन अपनी आंखें दान कर गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकिरण जैन के पिताजी एवं संजय जैन के चाचाजी स्व. डॉ. कबूलचंद जैन का स्वर्गवास 9 सितंबर को हो गया था। डॉ. जैन के सुपुत्र रामकिरण जैन की इच्छा हुई कि मरणोपरांत उनके पिताजी की आंखों को दान कर जिससे किन्हीं व्यक्तियों की रोशनी मिले। डॉ. प्रियांक कुमार जैन एंव उनकी टीम के सहयोग से रामकिशन जैन पिताजी की आंखों को लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना को दान किया गया। जो कि तत्काल इंदौर अस्पताल को भेजी गई।

### रेलवे कैंटीन पर कर्मचारी का मोबाइल चोरी

**गुना, देशबन्धु।** जीआरपी थानांतर्गत गुना रेलवे स्टेशन पर कैंटीन पर काम करने वाले एक कर्मचारी का मोबाईल अज्ञात चोर चार्जिंग के दौरान चोरी करके ले गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अवनीश सिंह भदौरिया रेलवे स्टेशन गुना के पीएफ नंबर 1 कैंटीन पर वेंडर का काम करता है।

### रैली के माध्यम से मतदान के लिए किया प्रेरित



**गुना, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान केंद्र क्र. 82, शामावि कुशमौदा गुना में अनिवार्य मतदान हेतु रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान सारे काम छोड दो, सबसे पहले वोट दो नारे लगाकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात मतदाताओं को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई गई। अवधेश अवस्थी ने समझाया कि आने वाले 17 नबम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिये सभी को मतदान करना है, कोई इससे वंचित न रहे। इसी तरह मतदान केंद्र क्र. 121, नेशनल हा. से. स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मतदान को प्रेरित करती सुंदर-सुंदर रंगोली छात्र-छात्राओं ने बनाई। इसके साथ ही मतदाताओं को अनिवार्य मतदान की शपथ स्वीप के संजय सोनी ने दिलवाई सबने यह शपथ ली कि आने वाले विधानसभा चुनाव के लिये 17 नबम्बर को हम अनिवार्य रूप से मतदान करेंगे। साथ ही अपने सम्पर्क के व्यक्तियों को भी मतदान के लिये प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव, श्राजेंद्र साहू, मो. राशिद फारूकी, बीएलओ रविशंकर, आदि उपस्थित थे।

*बिना अनुमति नहीं कर सकेंगे लाउडस्पीकर का उपयोग*

## आम सभा या जुलूस की लेनी होगी अनुमति

*__गुना, देशबन्धु।__ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की गई घोषणा अनुसार आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। लोक शांति बनाये रखने एवं जन सुरक्षा की दृष्टि से ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग, अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन को विनियमित किया जाना तथा असीमित संख्या में वाहनों के काफिलों के साथ रैली व जुलुस आदि पर नियंत्रण किया जाना आवश्यक है। इसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी तरूण राठी द्वारा जिले की चोरों विधानसभाओं में विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं, जो 5 दिसंबर तक प्रभावशील रहेंगे। जारी आदेश अनुसार जिले के अन्दर कोई भी व्यक्ति, समूह या राजनैतिक या गैर राजनैतिक दल या अन्य आमसभा, जुलूस या प्रदर्शन बिना क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी, रिटर्निंग आफीसर सबंधित विधान सभा क्षेत्र की पूर्व अनुमति के नही करेंगे। राजनैतिक गतिविधियों की अनुमति संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर और गैर राजनैतिक गतिविधियों की अनुमति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा दी जावेगी। जिसकी प्रति रिटर्निंग ऑफिसर, एसडीएम, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, तहसीलदार को दी जावे। गुना जिले की में कोई भी व्यक्ति, समूह, राजनैतिक, गैर राजनैतिक दल या अन्य, किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन या घेराव नही करेंगे। वहीं जुलूस, आमसभा, धरना, या अन्य कार्यक्रम में यातायात अवरूद्व नही करेंगे। गुना जिले में कोई भी व्यक्ति, दल अथवा संस्था सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बिना अनुमति लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं करेगा। लाउडस्पीकर पर उत्तेजक एवं भड़काऊ भाषणबाजी नहीं की जाएगी, सक्षम अधिकारी द्वारा दी गई अनुमति के अन्तर्गत ही नियत स्थल पर समयसीमा अन्तर्गत लाउडस्पीकर का उपयोग किया जावेगा। आम सभा या जुलूस या अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम दी गई अनुमति के अनुसार ही निर्धारित स्थल पर व समय सीमा अन्तर्गत आयोजित किए जाएंगे। जुलूसों का मार्ग दी गई अनुमति के अनुसार ही होगा। जिले में कोई भी लायसेंस हथियारधारी व्यक्ति हथियार लेकर विचरण नहीं करेगा।*

*वहीं निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक की अवधि में केन्द्र या राज्य शासन के कोई मंत्री किसी ऐसे निर्वाचन क्षेत्र में शासकीय दौरा नहीं करेंगे। जिसमें निर्वाचन की घोषणा हो चुकी है। केवल प्राकृतिक आपदा स्थितियों को छोड़कर। यदि मंत्री संस्था या पार्टी की और से आम सभा आयोजित करते है तो सभा की व्यवस्था नहीं की जाए, केवल कानून एवं व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित किया जाएगा। यदि कोई मंत्री चुनाव के काम के लिए कहीं जाते है, तो शासकीय कर्मचारी तथा अधिकारी उनके साथ नही जाएंगे।*

*कलेक्टर द्वारा मप्र सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत आदेश दिए हैं कि कोई भी, जो सम्पत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी सम्पत्ति को स्याही, खडिया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपित करेगा वह जुर्माने से, जो एक हजार रुपये तक का हो सकेगा, से दण्डनीय होगा। इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा।*

*सम्पत्ति के अंतर्गत कोई भवन, झोपड़ी, संरचना, दीवार, वृक्ष, वाड, खम्बा (पोस्ट), स्तंभ (खंबा) या कोई अन्य परिनिर्माण शामिल होगा। इसके अलावा किसी भी शासकीय संपत्ति पर लिखावट, पोस्टर चिपकाना, कट आउट, बैनर, होर्डिंग लगाने की अनुमति नही दी जाएगी।*

# 2 कारें टकराईं, एक के ऊपर चढ़ी दूसरी



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के टीटी नगर थाना इलाके में लिंक रोड नंबर दो पर तुलसी टावर के पास मंगलवार सुबह दो तेज रफ्तार कारों की आपस में टक्कर हो गई। यह हादसा इतना जबरदस्त था कि एक कार उछलकर दूसरी के ऊपर चढ़ गई। हालांकि टक्कर होते ही दोनों कारों के एयरबैग खुल गए। इस वजह से कार में सवार लोगों को ज्यादा चोट नहीं आई और सिर्फ दो लोगों को मामूली चोट लगी है।

टीटी नगर थाना प्रभारी अशोक गौतम के मुताबिक एक तेज रफ्तार कार न्यू मार्केट की तरफ हबीबगंज की तरफ जा रही थी। यह टैक्सी कार थी। उसी समय दूसरी कार तुलसी टावर के सामने चार इमली की तरफ से न्यू मार्केट की तरफ आ रही थी। इस दौरान न्यू मार्केट की तरफ आने वाली को टैक्सी कार ने जोरदार टक्कर मारी। इससे कार मार्ग पर बने मार्ग विभाजक से टकराई और उछलकर टैक्सी कार पर चढ़ गई। टक्कर होते ही दोनों कार में एयरबैग खुल गए थे। इस वजह से कार में सवार लोगों को ज्यादा चोट नहीं आई। दो लोगों को मामूली चोट लगी । हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। इसकी वजह से मार्ग पर थोड़ी देर के लिए आवागमन भी प्रभावित हुआ। सूचना मिलने पर टीटीनगर और हबीबगंज थाना पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गई थीं। पुलिस ने लोगों की मदद से एक घायल को कार से निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। साथ ही क्रेन बुलवाकर दोनों कारों को मार्ग से हटाया। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों ही कारों की रफ्तार अधिक होने के कारण हादसा हुआं। दोनों कार के चालकों के बयान दर्ज करने के बाद प्रकरण दर्ज करेंगे।

# सुअर पकड़ने गए ननि अमले पर किया हमला



**भोपाल, देशबन्धु।** ट्रासंपोर्ट नगर में सुअरों को पकड़ने पहुंचे नगर निगम अमले पर सुअर पालकों ने हमला कर दिया। साथ ही वार्ड सफाई के दरोगा को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौज की। घटना सोमवार की है। निगम इसकी शिकायत नगर निगम अधिकारियों ने बिलखिरिया थाने में दर्ज कराई है। हालांकि अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

जोन 14 के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी (एएचओ) और सुअर पकड़ने वाले दल के प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि ट्रासपोर्ट नगर में अवैध रूप से सुअर पालन हो रहा है। ये सुअर आसपास की कालोनियों और बस्तियों में घूमकर गंदगी फैलाते हैं। इन सुअरों को पकड़ने के लिए जोन क्रमांक 15 के एएचओ ने मदद मांगी थी। जिसके बाद मौके पर दल के कर्मचारियों को भेजा गया। लेकिन सुअर को पकड़ने के दौरान इसे पालने वाले विवाद करने लगे और वार्ड 62 के सफाई दरोगा सुनील कोटियाना पर घेरकर हमला कर दिया। हालांकि अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपियों ने सुनील को धमकी देते हुए कहा कि आगे से यहां सुअर पकड़ने आए तो जान से मार देंगे। इस मामले में बिलखिरिया थाने में शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने व हमले का प्रयास एवं जान से मारने की धमकी देने वालों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा सुअर मुक्त शहर अभियान के अंतर्गत आवारा सुअर पालकों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है और इसी क्रम में नगर निगम की ओर से न्यायालय में भी चालान प्रस्तुत किए गए हैं।

## आरोपियों का साथ देने वाले कर्मचारी को हटाया

बताया गया है कि नगर निगम अमले द्वारा जब ट्रांसपोर्ट नगर में सुअरों को पकड़ने के लिए कार्रवाई की जा रही थी, उस समय आरोपियों के पक्ष में निगम का दैनिक वेतनभोगी रोहन भी बहस करने आ गया। वह वर्तमान में जोन क्रमांक 16 में वाहन चलाने का काम करता है। जब इसकी जानकारी निगम के अधिकारियों को लगी तो अपर आयुक्त विनीत तिवारी ने रोहन को सेवा से पृथक कर दिया।

### पश्चिमी विक्षोभ दिखवाएगा असर

# 2 दिन बाद कम होगी धूप की चुभन, रात का तापमान बढ़ेगा

***भोपाल, देशबन्धु।*** *मानसून पूरे प्रदेश से जा चुका है और पश्चिमी विक्षोभ के आने का भी सिलसिला शुरू हो चुका है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक फिलहाल वातावरण से नमी तेजी से कम होने के कारण आसमान पूरी तरह से साफ है। इस वजह से पूरे प्रदेश में दिन का तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। हालांकि हवाओं का रुख उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी बना रहने के कारण रात का तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है। लेकिन दो दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिन के तापमान में कुछ कमी आने और रात का तापमान बढ़ने के आसार हैं।*

*मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक आसमान साफ रहने से तीखी धूप पड़ रही है। इस वजह से दिन का तापमान पूरे प्रदेश में सामान्य से अधिक बना हुआ है। मंगलवार को प्रदेश में सबसे अधिक 37.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दमोह में दर्ज किया गया था, जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहा था। उधर प्रदेश में सबसे कम 18 डिग्री सेल्सियस तापमान छिंदवाड़ा में दर्ज किया गया। वहीं राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य रहा।*

*मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। यह इस मौसम का पहला पश्चिमी विक्षोभ है। हालांकि इसके कमजोर प्रवृत्ति होने के कारण मध्य प्रदेश के मौसम पर इसका विशेष प्रभाव नहीं पड़ रहा है। उधर, 13 अक्टूबर को एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में आने की संभावना है। उसके प्रभाव से मप्र में भी मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं। इस दौरान हवाओं के साथ नमी आने के कारण आंशिक बादल छा सकते हैं और दिन के तापमान में कुछ गिरावट होगी, लेकिन रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी।*

# कॉलेजों में खाली सीटों पर प्रवेश के लिए आज अंतिम दिन

## अब तक 8 हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के कालेजों में स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (यूजी) में 9.67 लाख सीटों में से खाली चार लाख सीटों पर प्रवेश के लिए आठवें चरण की कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) प्रक्रिया जारी है। इसके तहत विद्यार्थी 11 अक्टूबर तक शुल्क जमा कर प्रवेश ले सकते हैं। कालेजों के नोटिस बोर्ड पर मेरिट सूची जारी कर दी गई है। दस्तावेजों का आनलाइन सत्यापन या त्रुटि सुधार के लिए विद्यार्थियों को कालेजों में उपस्थित होकर 11 अक्टूबर तक का समय दिया गया है।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आठवें सीएलसी राउंड में अब तक करीब आठ हजार छात्र-छात्राओं ने पंजीयन करवा लिया है । इसी के साथ करीब 17 हजार विद्यार्थियों ने कालेजों का विकल्प दे दिया है। इस राउंड में मेरिट लिस्ट तैयार कर कालेजों के नोटिस बोर्ड पर लगाई गई है। आठवें सीएलसी राउंड में स्नातक स्तर पर आवंटित कालेज के लिए आनलाइन प्रवेश शुल्क 11 अक्टूबर तक जमा हो सकेगा। इसके बाद यूजी स्तर पर अपग्रेडेशन से खाली स्थानों पर आवंटित आवेदकों द्वारा संबंधित कालेज में आनलाइन प्रवेश शुल्क के भुगतान की तारीख 12 से 14 अक्टूबर तक होगी। अधिकारियों का कहना है कि यह अंतिम चरण की काउंसलिंग होगी। इसके बाद अब अगला चरण शुरू नहीं किया जाएगा। हालांकि पिछले साल के मुकाबले इस साल करीब 37 हजार अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, लेकिन फिर भी इस साल सीटों की संख्या अधिक होने से खाली सीटें भी ज्यादा हैं।

## आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी कॉलेजों में प्रवेश के लिए पंजीयन आज से

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश के शासकीय स्वशासी और निजी आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिये प्रवेश की कार्यवाही एमपी ऑनलाइन के माध्यम से कराई जायेगी। इसके लिये संचालनालय आयुष ने प्रथम चरण का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया है। पंजीयन 11 से 16 अक्टूबर तक हो सकेगा। अभिलेख का सत्यापन 11 से 17 अक्टूबर सुबह10 से शाम 6 बजे तक होगा। रिक्त सीटों की स्थिति का प्रदर्शन 18 अक्टूबर को और इसके बाद मेरिट सूची का प्रकाशन 19 अक्टूबर को किया जायेगा। अभ्यर्थी महाविद्यालयों की प्राथमिकता क्रम का निर्धारण च्वाइस फिलिंग, लॉकिंग तथा प्रवेश 20 से 24 अक्टूबर तक कर सकेंगे। सीट आवंटन की कार्यवाही 31 अक्टूबर को शाम 4 बजे होगी। महाविद्यालय में अस्थाई प्रवेश प्राप्त करने की तिथि एक से 4 नवम्बर तक सुबह 10 से शाम 7 बजे तक हो सकेगी। प्रवेश निरस्तीकरण कार्य एक से 5 नवम्बर शाम 6 बजे तक होगा।

# 2 मकानों के ताले तोड़कर सवा लाख का सामान चोरी

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी पुलिस को शातिर चोरों ने सबसे ज्यादा परेशान करके रखा है। तमाम कोशिशों के बाद भी थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच मिलकर भी किसी बड़े चोर गिरोह को पकड़ने में सफल नहीं हो पा रही हैं, जबकि शातिर बदमाश रोजाना चोरी की वारदात कर रहे हैं। ताजा मामला रातीबड़ थाना क्षेत्र का है, जहां शातिर चोरों ने दो अलग-अलग घरों में वारदात की। बदमाश दोनों ही घरों में ताले तोड़कर घुसे और करीब सवा लाख कीमत का माल समेटकर फरार हो गए।

रातीबड़ पुलिस के मुताबिक हरी गंगा कालोनी नीलबड़ में रहने वाले अरुण परमार निजी काम करते हैं। सात अक्टूबर को वह किसी काम से बाहर गए थे। इस दौरान चोरों ने उनके घर में घुसकर आराम से घर की तलाशी ली। लेकिन वह घर में ज्यादा सोना चांदी नहीं रखते हैं,इसलिए उनका सिर्फ दस हजार कीमत का सामान चोरी हुआ। लेकिन उनके घर से थोड़ी ही दूरी पर लेक व्यू कालोनी रातीबड़ निवासी मनोज राठौर के सूने घर में अज्ञात बदमाशों ने धावा बोलकर करीब एक लाख कीमत से ज्यादा का सामान चुरा लिया। चोरी गए सामान में सोने-चांदी के जेवरात और नकदी भी शामिल हैं। मनोज ने चोरी गए सामान की पूरी सूची पुलिस को दे दी है। पुलिस ने दोनों पीड़ित परिवार की शिकायत पर अज्ञात चोरों प्रकरण दर्ज तो कर लिया है, लेकिन फिलहाल चोरों के बारे में कोई विशेष सुराग नहीं तलाश पाई है। पुलिस अब चोरों की तलाश में संबंधित घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। साथ ही इस संबंध में क्राइम ब्रांच से भी जानकारी साझा कर ली है।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर लगाया शिविर, दिया परामर्श



**भोपाल, देशबन्धु।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को गर्भवती और धात्री महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग व परामर्श शिविर लगाया गया।

डॉ.कैलाशनाथ काटजू सिविल अस्पताल में हुए कार्यक्रम में प्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. आर एन साहू ने महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी उपायों के बारे में समझाया। डॉ. साहू ने कहा कि महिलाओं के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की जरूरत है। गर्भवती महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखना पूरे परिवार की जवाबदारी है । गर्भावस्था के दौरान बच्चे का मानसिक विकास भी निरंतर होता रहता है । मां और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए चिंता,अवसाद, डर या अन्य मानसिक समस्याओं की सही समय पर पहचान कर चिकित्सक से परामर्श लेना जरूरी है । जन्म के बाद भी बच्चों का मानसिक विकास निरंतर जारी रहता है । इस समय परिजनों को महिला महिला के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए।

इस अवसर पर सीएमएचओ भोपाल डॉ.प्रभाकर तिवारी ने कहा कि महिलाओं के शारीरिक स्वास्थ्य और पोषण के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य की सेवाओं को भी मैदानी एवं संस्थागत स्तर पर प्रदान करना आवश्यक है। डॉ. तिवारी ने कहा कि सामान्य तौर पर लोग मानसिक समस्याओं को छुपाते हैं या अंधविश्वासों से जुड़ जाते हैं , जिससे यह समस्याएं और भी गंभीर हो सकती हैं। इसके लिए समाज में निरंतर जागरूकता पैदा करना जरूरी है।





**भोपाल, देशबन्धु।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में डीसीपी जोन-4 सुंदर सिंह कनेश, एडिशनल डीसीपी मलकीत सिंह, एसीपी श्रीमती ऋचा जैन एवं छोला मंदिर थाना प्रभारी सुरेश चंद्र नागर, निशातपुरा थाना प्रभारी रूपेश दुबे, गांधीनगर थाना प्रभारी प्रवीण त्रिपाठी, सभी स्टाफ थाने एवं नियंत्रण कक्ष के पुलिसकर्मी शामिल थे।

## जय नारायण कॉलेज में सेमिनार आयोजित

**भोपाल, देशबन्धु।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,मप्र द्वारा संचालित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आज जय नारायण कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मानसिक समस्याग्रस्त लोगों के मानवाधिकारों पर सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, के निर्देशन में आयोजित सेमिनार में मानसिक समस्याओं, नशा संबंधी समस्याओं और तनाव व आत्महत्या जैसी समस्याओं पर जानकारी दी गई। इसके साथ साथ मानसिक समस्याग्रस्त लोगों के मानवाधिकारों के विषय में लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर ज़िला मानसिक स्वास्थ्य इकाई(मनकक्ष) मानसिक समस्याओं पर छात्र छात्राओं का उन्मुखीकरण किया गया व मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे टेली-मानस कार्यक्रम के अंतर्गत जारी मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नम्बरों को प्रचारित करते हुए एवम मनकक्ष में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी दृश्श्रष्ट सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान जय प्रकाश चिकित्सालय, में पदस्थ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ आर के बैरागी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सा मनोवैज्ञानिक राहुल शर्मा, नर्स उपेंद्र सिंह कंसाना, मनकक्ष के स्टाफ़ एवम कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोनिका डेविड एवं मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग के एचओडी डॉ.घनश्याम पाटीदार द्वारा सभी के मानसिक स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की गई और आवश्यकता प्रतीत होने पर लोगों को उपचार दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे प्रतिभागियों के सवालों पर विशेषज्ञों द्वारा उत्तर दिए गए।


YES BANK यस बैंक लिमिटेड

**शाखा कार्यालय:** वार्ड नं.8, आरएम टॉवर म्यूनिसिपल नं.269, गोराकुण्ड चौराहा, राजवाड़ा के पास, महात्मा गांधी रोड़, इन्दौर (म.प्र.) 452001

**सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना का प्रकाशन**

यहाँ इस प्रकार नोटिस दिया गया है कि उल्लिखित ऋणी(ओं) / जमानतदार(ओं) / बंधककर्ता(ओं) जिन्होंने बैंक से प्राप्त ऋण अधिविकर्ष सुविधा के मूलधन और ब्याज को चुकाने में चूक की है और जिनके सुविधा खातों को गैर प्रदर्शन संपत्ति (एनपीए) में वर्गीकृत किया गया है। सिक्योरिटाइजेशन की धारा 13(2) और वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम 2002 (सरफेसी अधिनियम) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर उन्हें नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन वे अनुपालित लौटे हैं और इस तरह उन्हे इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है।

| क्रं. | अनुबंध क्रमांक / ऋण का प्रकार | ऋणी, सह-ऋणी एवं बंधककर्ता का नाम | 13 (2) सूचना के अनुसार बकाया राशि | एनपीए दिनांक / सूचना दिनांक | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | AFH011900759636 / AFH | श्री पप्पू राम मीणा पिता रामनिवास मीणा एवं श्रीमती गिरीजा मीणा पति पप्पू मीणा | ₹ 9,10,910/- | 15-05-2023 / 23-08-2023 | आवासीय प्लॉट नं. 73, बेटवा कॉलोनी, वार्ड नं. 23 (पुराना वार्ड नं. 17) स्थित, ग्राम मण्डीदिप, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन (म.प्र.) |
| 2. | HLN0119010678581 / HLN | श्री शांतुनू पाटी पिता रविन्द्र पाटी एवं श्रीमती बैसाखी पति शांतुनू पाटी | ₹ 22,74,755/- | 05-05-2023 / 25-09-2023 | फ्लेट नं. एमआईजी बी-32 (दूसरी मंजिल), सेक्टर-9-ए, साकेत नगर पर स्थित, नगर निगम वार्ड नं. 57, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) |
| 3. | AFH011900481818 / AFH | श्री मो. बिन्यामिन खान पिता श्री अताउल्लाह खान एवं श्रीमती सलेहा खान पति अताउल्लाह खान | ₹ 18,85,299.08/- | 12-08-2023 / 25-09-2023 | प्लॉट नं. 58-ए, प्लॉट नं. 58 का भाग मजोर, खसरा नं. 1785/1313 का अंश, गली फूल महल स्कूल, मुफ्ती मकान के पास, न्यू वार्ड नं. 8, गाईड लाईन अनुसार वार्ड नं. 21, हुजूर, भोपाल (म.प्र.) |

उपर्युक्त ऋणी(ओं) / जमानतदार(ओं) / बंधककर्ता(ओं) (जब भी लागू होते हैं) इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने के लिए बुलाए जाते हैं, जिससे विफल होने के बाद सरफेसी अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत 60 दिनों की समाप्ति के पश्चात उपर्युक्त कदम उठाए जाएंगे। और, यह आपके ध्यान में लाने के लिए है कि पूर्वोक्त अधिनियम की धारा 13(8) के तहत, यदि हमारी बकाया राशि, लागत और हस्तांतरण के लिए तय की गई तारीख से पहले किसी भी समय हमारे द्वारा किए गए सभी खर्चों, शुल्कों और व्यय के साथ मिलती है, सुरक्षित संपत्ति हमारे द्वारा बेची या स्थानांतरित नहीं की जाएगी, और उस सुरक्षित संपत्ति के हस्तांतरण या बिक्री के लिए हमारे द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

**दिनांक : 11.10.2023**
**स्थान : भोपाल**

हस्ता/-
(प्राधिकृत अधिकारी)
**वास्ते यस बैंक लिमिटेड**


## नि:शक्तों के लिये प्रोत्साहन योजना संचालित

**भोपाल, देशबन्धु।** नि:शक्त व्यक्तियों के लिये सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना प्रदेश सरकार द्वारा संचालित है। योजना के तहत नि:शक्त व्यक्तियों द्वारा सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा देने के लिये 20 हजार रूपये, मुख्य परीक्षा दिलाने के लिये 30 हजार रूपये और अंतिम चयन होने पर राज्य शासन द्वारा 20 हजार रूपये दिये जाते हैं। योजना का लाभ उन्हीं नि:शक्तजनों को दिया जाता है, जो मध्यप्रदेश के मूल निवासी हैं। सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद परीक्षा परिणाम तक सहायता राशि दी जाती है। उन्हीं आवेदनों को सहायता दी जाती है जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक नि:शक्तता रखता हो मेडीकल बोर्ड का प्रमाण पत्र मान्य होगा।


**म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड**

**कार्यालय का नाम कार्यपालन अभियंता (संचा. / संघा) संभाग - पन्ना**

फोन नंबर 07732-252755 ई मेल-eeonm_panna@rediffmail.com

**बिजली आपूर्ति बंद रहने की सूचना**

बिजली लाइनों का पोस्ट मानसून मेंटनेन्स कार्य करने के लिए निम्नानुसार क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बंद रखी जाएगी।

| आपूर्ति बंद रहने का दिनांक | समय | 33 एवं 11 केव्ही फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी का नाम | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|---|---|
| 12.10.2023 | सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही बड़ागांव | 11 केव्ही बड़ागांव फीडर से सबंधित ग्राम बड़ागांव, सकरिया, मकरी कुठार, बिरवाही, जमुनहाई व अन्य संबंधित क्षेत्र | श्री व्ही.के. सक्सेना सहा.अभि.(चालू प्रभार) वित.के. देवेन्द्रनगर | 9425613840 |
| 12.10.2023 | सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही इटवांकला | 11 केव्ही इटवांकला फीडर से सबंधित ग्राम इटवांकला, कोहनी, पिपरी मडैयन, नयापुरा, लुधगवां व अन्य संबंधित क्षेत्र | श्री सतीश कुमार कनिष्ठ अभियंता वितरण केन्द्र गुनौर | 9425613841 |
| 13.10.2023 | सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही श्यामाडाडा | 11 केव्ही श्यामाडाडा फीडर से सबंधित ग्राम जिगदहा, डडवरिया, सिमरी दुबे व अन्य संबंधित क्षेत्र | श्री व्ही.के. सक्सेना सहा.अभि.(चालू प्रभार) वित.के. देवेन्द्रनगर | 9425613840 |
| 13.10.2023 | सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही ककरहटी टाउन | 11 केव्ही ककरहटी टाउन फीडर से सबंधित ग्राम ककरहटी टाउन व अन्य संबंधित क्षेत्र | श्री सतीश कुमार कनिष्ठ अभियंता वितरण केन्द्र गुनौर | 9425613841 |
| 14.10.2023 | सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही सिलगी | 11 केव्ही सिलगी फीडर से सबंधित ग्राम गिरवारा, सिलगी, अमसिल व अन्य संबंधित क्षेत्र | श्री व्ही.के. सक्सेना सहा.अभि.(चालू प्रभार) वित.के. देवेन्द्रनगर | 9425613840 |
| 14.10.2023 | सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही मुराछ | 11 केव्ही मुराछ फीडर से सबंधित ग्राम बख्तरी, देवरी, गौरा, रनवाहा, लुधगवा, कुलुवा, मुराछ, मथुरापुर, मोहनपुरा, भागेपुर व अन्य संबंधित क्षेत्र । | श्री सतीश कुमार कनिष्ठ अभियंता वितरण केन्द्र गुनौर | 9425613841 |
| 15.10.2023 | सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. एफ-5 | 11 केव्ही एफ-5 फीडर से संबंधित ग्राम धरमसागर वाटर वर्क्स, चॉदीमारी, इंद्रपुरी कालोनी, कॉच मंदिर एरिया, कलेक्ट्रेट डी.जे. कोर्ट पन्ना बाई पास एरिया, बडीदेवन मंदिर, पुरूषोत्तमपुर, जेल एरिया व आई.टी.आई। | श्री के. एस. घोसी सहायक अभियंता वितरण केन्द्र पन्ना शहर | 7000743275 |
| 15.10.2023 | सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. रानीपुरा | 11 केव्ही रानीपुरा फीडर से सबंधित ग्राम रानीपुरा, गढ़ीपड़रिया, देवरीगढ़ी, रानीगंज पुरवा व अन्य संबंधित क्षेत्र | श्री व्ही.के. सक्सेना सहा.अभि.(चालू प्रभार) वित.के. देवेन्द्रनगर | 9425613840 |
| 16.10.2023 | सुबह 8.00 बजे से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. खपटहा, तिदुनहाई फीडर | 11 केव्ही खपटहा, तिदुनहाई फीडर से सबंधित ग्राम खपटहा, श्यामाडाडा, तिदुनहाई, भटहरमेघा, करहिया व अन्य संबंधित क्षेत्र | श्री व्ही.के. सक्सेना सहा.अभि.(चालू प्रभार) वित.के. देवेन्द्रनगर | 9425613840 |

नोट- आवश्यकतानुसार उक्त समयावधि बढ़ाई / घटाई जा सकती है ।
'वोट डालना है जरूरी' 'विद्युत की बचत ही विद्युत का उत्पादन है।'

**कार्यालय अभियंता ( सं./सं. )**
**म.प्र. पू.क्षे.वि.वि.कं. लि. संभाग पन्ना**

भोपाल, बुधवार 11 अक्टूबर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## महिला श्रम की सराहना है गोल्डिन को नोबेल

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र का प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार मिलना एक तरह से दुनिया की आधी आबादी के नज़रंदाज़ कर दिये गये श्रम को सराहना व पुरस्कृत करना है। अमेरिका की गोल्डिन की विश्व भर में आर्थिक इतिहासकार व श्रम अर्थशास्त्री के रूप में बहुत प्रतिष्ठा है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर गोल्डिन ने पिछली लगभग दो सदियों के आंकड़ों के अध्ययन के आधार पर उन कारणों का पता किया है जिनके चलते श्रम के मामले में महिलाएं पक्षपात का शिकार बनी हैं। उन्होंने बतलाया है कि विभिन्न कारणों से महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले कम पारिश्रमिक मिलता है। वैश्विक श्रम बाजार में महिलाओं का प्रतिनिधित्व चिंताजनक रूप से अल्प है। उनका अध्ययन यह भी बतलाता है कि कमाई और रोजगार दरों में लिंग अंतर कैसे और क्यों बदलता चला गया है। अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में दिया जाने वाला यह पुरस्कार अब तक 92 अर्थशास्त्रियों को मिला है। गोल्डिन के पहले तक केवल दो महिलाएं ही यह पुरस्कार पा सकी हैं।

प्रिंसटन यूनिवर्सिटी प्रेस ने उनके बारे में कहा है कि- 'आर्थिक इतिहासकार और श्रम अर्थशास्त्री के रूप में गोल्डिन के शोध में महिला श्रम शक्ति, कमाई में जेंडर गैप, तकनीकी परिवर्तन, शिक्षा और आव्रजन सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। उनके अधिकांश शोध अतीत के दृष्टिकोण से वर्तमान की व्याख्या करते हैं और चिंता के वर्तमान मुद्दों की उत्पत्ति की पड़ताल करते हैं। उनकी सबसे हालिया पुस्तक 'कैरियर एंड फैमिली- महिलाओं की शताब्दी' समानता की ओर लंबी यात्रा है।' नोबेल समिति ने पुरस्कार की घोषणा के दौरान कहा कि- 'गोल्डिन ने अपने शोध से सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार के परिणामों का पहला व्यापक विवरण प्रदान किया है। उनके शोध से नए पैटर्न का पता चलता है, परिवर्तन के कारणों की पहचान होती है और जेंडर गैप के बारे में भी जानकारी मिलती है।'

बेशक, गोल्डिन महिला श्रम के बारे में 200 वर्षों के डेटा के आधार पर जो सच्चाइयां अपने निष्कर्षों के रूप में सामने लाई हैं, वे और भी कई सदियां पुरानी हैं और आज भी नंगी आंखों से देखकर ही यकीन करने के काबिल हैं। आधुनिकता और समानता पर आधारित लोकतांत्रिक प्रणाली ज्यादातर देशों में चलन में आ जाने के बावजूद आज भी यह एक ठोस वास्तविकता है कि महिलाएं श्रम और मेहनताने दोनों ही मामलों में भारी भेदभाव की शिकार हैं। प्रकारांतर से चाहे अविकसित देश हों या विकासशील या विकसित, तीनों ही तरह की परिस्थितियां किसी न किसी तरीके से उन्हें उनके हक का पारिश्रमिक लेने से वंचित करती हैं। जब वे काम करती हैं तो इस भेदभाव का शिकार तो होती ही हैं, काम न मिलने या छूट जाने जैसी स्थितियों में भी उनके हिस्से में पुरुषों के मुकाबले अधिक दुश्वारियां आती हैं। काम देते वक्त वे नियोक्ता की आखिरी पसंद होती हैं तो काम के दौरान वेतन, भत्ते, छुट्टी के मामलों में उनके साथ गैरबराबरी पूर्ण व्यवहार होता है। इतना ही नहीं, काम से हटाने या छंटनी के समय वे पहली पसंद बन जाती हैं।

भारत सहित तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों- एशिया, अफ्रीका एवं लातिनी अमेरिका में गोल्डिन के निष्कर्ष बहुत मुखर और स्पष्ट होकर सामने आते हैं। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की बेरोजगारी दर कहीं अधिक है। उन्हें पहले से ही अर्द्ध कुशल या अकुशल मानकर उन्हें समान काम के लिये भी कम वेतन दिया जाता है। भारत सहित जहां भी पितृसत्तात्मक व सामंती सामाजिक व्यवस्था है, वहां कामकाजी महिलाएं उपहास व आलोचना की पात्र बनकर रह जाती हैं। बड़ी संख्या में पढ़ी-लिखी महिलाओं का जीवन घरू काम करते हुए गुजर जाता है। पहले से ही माना जाता है कि उनके जीवन की सार्थकता ब्याह के बाद पति व ससुराल वालों की सेवा-टहल और बच्चों की परवरिश करने में हैं। यह किसी एक धर्म की बात नहीं है। अधिकतर सम्प्रदायों व समुदायों की महिलाओं के बाबत यही यथार्थ है। बड़ी संख्या में लोगों की यह भी मान्यता है कि महिलाएं मौज-मस्ती या अपने फैशन के खर्चे पूरे करने के लिये काम करने घरों से निकलती हैं।

हाल ही में भारत के सन्दर्भ में ये आंकड़े सामने आये थे कि 2018-19 से 2022-23 के बीच जितने लोगों ने नियमित नौकरियां खोईं, उनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी की इस अवधि की रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख लोगों ने पक्की नौकरियां खोई हैं। इनमें पुरुष 5 लाख तो महिलाएं 26 लाख हैं। ऐसे ही, छोटे कारोबार एवं दैनिक वेतन पर काम करने वालों में 1.35 करोड़ रोजगार घटे हैं। इनमें 52 लाख महिलाएं तथा 83 लाख पुरुष थे। कामकाजी महिलाओं का औसत बेहद चिंतनीय है और उनके सशक्तिकरण के ठोस उपाय करने में ज्यादातर अविकसित व विकासशील देशों की कोई भी अर्थप्रणाली नाकाम साबित हुई है। पश्चिमी देशों में स्थिति फिर भी काफी ठीक है लेकिन वैश्विक जनसंख्या का बड़ा हिस्सा तीसरी दुनिया में बसता है, महिलाओं के सन्दर्भ में गोल्डिन के शोध बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। जब तक आधी आबादी के लिये आर्थिक दृष्टिकोण से समानतापूर्ण वातावरण नहीं बनाया जाता, विकास का लक्ष्य पहुंच से बाहर ही रहेगा। आर्थिक विज्ञान पुरस्कार समिति के प्रेसिडेंट जैकब स्वेन्सन ने सच ही कहा है कि- 'श्रम बाजार में महिलाओं की भूमिका को समझना समाज के लिए महत्वपूर्ण है। गोल्डिन के शोध से वे बाधाओं को दूर हो सकेंगी जिनका आज महिलाएं सामना कर रही हैं।' गोल्डिन को नोबेल देना विकास में भागीदारी निभाती महिलाओं को पुरस्कृत करने जैसा है।

# 5 सूबों की सरकारें बनने-बिगड़ने से बढ़कर हैं ये चुनाव

जिन पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनावों का ऐलान सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयोग ने देश की राजधानी में किया, उसका महत्व केवल राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में सरकारों के बनने-बिगड़ने तक सीमित न रहकर उससे कहीं बहुत आगे का है। इन चुनावों में केवल यह देखने को नहीं रह गया है कि क्या राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अपनी सरकारें बचाए रखने में कामयाब होती है या उन पर भारतीय जनता पार्टी काबिज होती है? यह भी देखने की बात नहीं है कि क्या मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार का विसर्जन होता है या वहां कांग्रेस का कब्जा होता है? तेलंगाना का चुनाव भी दिलचस्प होगा परन्तु उसे लेकर केवल इतनी सी उत्सुकता नहीं है कि क्या वहां क्षेत्रीय दल भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) दो-दो राष्ट्रीय पार्टियों से अपनी सरकार को बचा पाती है या नहीं? अगर ऐसा नहीं होता तो देखना यह भी होगा कि इस दक्षिण भारतीय राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है या भाजपा जीत सकेगी? उत्तर पूर्व के एक छोटे से राज्य मिजोरम में भी इसी समय चुनाव हो रहा है। वहां भी देखना होगा कि सत्तारुढ़ मिजोरम नेशनल फ्रंट की सरकार में वापसी होती है या नहीं? या फिर कोई नये समीकरण बनते हैं।

ये चुनाव ऐसे समय पर हो रहे हैं जब देश का सबसे बड़ा राजनैतिक दल कही जाने वाली भारतीय जनता पार्टी अनेक तरह की परेशानियों से गुजर रही है और उसे चुनौती देने वाली देश की सबसे पुरानी पार्टी यानी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जिसका देश के स्वतंत्रता आंदोलन में सबसे अहम योगदान था और उसे ही भारत को आजाद कराने का श्रेय दिया जाता है, लगातार मजबूत हो रही है। वह न सिर्फ खुद में ताकतवर हो रही है वरन अपने साथ समग्र प्रतिपक्ष को भी सशक्त कर रही है। उसके साथ और उसी के नेतृत्व में पिछले दिनों बने 28 दलों के विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा के समक्ष चुनौती के साथ-साथ ऐसा विकल्प भी पेश कर दिया है जो भरोसेमंद हो सकता है।

तीन-चार मानकों पर देखें तो भाजपा और कांग्रेस के बीच का अंतर साफ दिखता है जो इन चुनावों में सारा फर्क पैदा करने जा रहा है। पहला तो है दोनों दलों के प्रमुख नेताओं की छवि का मामला। भाजपा कुल जमा एक ही चेहरे पर पिछले 10 वर्षों से सब कुछ कर रही है-पार्टी चलाने से लेकर सरकार चलाने तक। 2013-14 में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी के तत्काल बाद से ही सम्पूर्ण भाजपा मोदी में विलीन हो चुकी है। भाजपा के पहले कार्यकाल में तो फिर भी भाजपा के कुछ अन्य वरिष्ठ नेता चलते-फिरते दिखाई पड़ते थे, लेकिन अपनी छवि को वास्तविकता से बढ़कर मजबूत व लोकप्रिय बनाने के चक्कर में भाजपा के प्रचार तंत्र ने बाकी सभी नेताओं, पदाधिकारियों, मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों का अस्तित्व ही मिटाकर रख दिया। अब भाजपा इस कदर मोदी पर आश्रित हो गई है कि उनकी स्वीकार्यता या अस्वीकार्यता पर ही पूरे चुनावी नतीजे टिके रहते हैं। भाजपा द्वारा खुद को मोदी केन्द्रित कर देने का अंजाम उसके सामने है। जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, वहां मोदी के अलावा कोई दूसरा चेहरा नहीं है और जाहिर है कि स्थानीय चेहरा न होने से राज्य इकाइयों को चुनाव लड़ने में दिक्कत आ रही है। राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में उसके पूर्व मुख्यमंत्री क्रमशः वसुंधरा राजे सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान तथा डॉ. रमन सिंह तीनों ही हाशिये पर हैं और इन राज्यों के चुनाव उनके चेहरों पर तो नहीं ही लड़े जा रहे हैं- किसी और चेहरे को शीर्ष कमान की न तो मान्यता है और न ही जन स्वीकार्यता।



डॉ. दीपक पाचपोर

> इन राज्यों के नतीजे जो भी हों, अगर वे यहीं तक सीमित होकर रह जाते तो सम्भवत: भाजपा की परेशानी इतनी बड़ी न होती। मुश्किल यह है कि लोकसभा के चुनाव बामुश्किल 6 माह के भीतर ही हो जायेंगे। यानी इन परिणामों की प्रतिध्वनि वहां तक गूंजती रहेगी। इन नतीजों का ही असर और विमर्श बेशक आगे बढ़ेगा। लोकसभा का अगले साल होने वाला चुनाव सम्भवत: इन्हीं मुद्दों के ईर्द-गिर्द लड़ा जायेगा।

दूसरे, हाल के वर्षों में मोदी की छवि में बड़ी गिरावट दर्ज हुई है, खासकर उनकी विभिन्न योजनाओं की असफलताएं, कोरोना कुप्रबंधन, अदानी के साथ उनके रिश्तों का उजागर होना, भ्रष्टाचारियों को संरक्षण, अनैतिक तरीकों से विपक्षी सरकारें गिराना, केन्द्रीय जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल, संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करना, आर्थिक बदहाली व बढ़ती गैरबराबरी, विफल विदेश नीति, बढ़ती साम्प्रदायिकता, मणिपुर, नूंह जैसी घटनाएं, सरकार विरोधियों को जेलों में डालने जैसे कदमों ने उन्हें एक निरंकुश व क्रूर शासक के रूप में स्थापित किया है। इसके विपरीत उन्हें टक्कर देने वाले राहुल गांधी की छवि में बड़ा सुधार आया है। करोड़ों रुपये खर्च कर भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं, आईटी सेल व सोशल मीडिया पर सक्रिय ट्रोल आर्मी ने राहुल, गांधी परिवार, कांग्रेस तथा सम्पूर्ण विपक्ष के खिलाफ जो कलुषित अभियान छेड़ा था, वह अब ध्वस्त हो गया है। राहुल द्वारा पिछले सितम्बर में कन्याकुमारी से कश्मीर की जो भारत जोड़ो यात्रा निकाली, उसने उन्हें एक संजीदा, समझदार एवं परिश्रमी नेता के रूप में स्थापित किया है जो चीजों को समझते हैं और समाधान जानते हैं। उनकी बातों को लोगों ने सच होता हुआ पाया है।

तीसरा बड़ा अंतर जो लोग देख रहे हैं वह है भाजपा के पास मुद्दों की टंचाई। उसका सामाजिक ध्रुवीकरण का फार्मूला कर्नाटक चुनाव में असफल हो गया और अब उसका कोई लेवाल नहीं है। साम्प्रदायिकता से होने वाले नुकसान का आभास जनता को हो चुका है इसलिये उसके विपरीत कांग्रेस एवं विपक्षी गठबन्धन द्वारा उठाये जा रहे जमीनी मुद्दे लोगों को अधिक आकर्षित करने लग गये हैं। उसके द्वारा उठाया गया जातिगत जनगणना और पिछड़े व अति पिछड़े लोगों के लिये आरक्षण का मुद्दा भाजपा को बेचैन कर रहा है। सोमवार को सम्पन्न कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में हुई इस घोषणा का भाजपा के पास कोई जवाब नहीं है, जिसमें उसने कहा है कि अगर इन राज्यों के चुनाव वह जीतती है तो जातिगत जनगणना कराई जायेगी तथा जिसकी जितनी आबादी है उसकी उतनी हिस्सेदारी होगी। भाजपा इसके खिलाफ बोल पाने में भी असमर्थ है क्योंकि इसका अगर वह विरोध करेगी तो एक बड़ा वोट बैंक उससे छिटक सकता है।

इन राज्यों के नतीजे जो भी हों, अगर वे यहीं तक सीमित होकर रह जाते तो सम्भवत: भाजपा की परेशानी इतनी बड़ी न होती। मुश्किल यह है कि लोकसभा के चुनाव बामुश्किल 6 माह के भीतर ही हो जायेंगे। यानी इन परिणामों की प्रतिध्वनि वहां तक गूंजती रहेगी। इन नतीजों का ही असर और विमर्श बेशक आगे बढ़ेगा। लोकसभा का अगले साल होने वाला चुनाव सम्भवत: इन्हीं मुद्दों के ईर्द-गिर्द लड़ा जायेगा। भाजपा के पास ध्रुवीकरण के अलावा कोई मुद्दा ही नहीं है और लोग इस बात का पहले से ही अनुमान लगाए बैठे हैं कि मोदी एवं भाजपा कोई ऐसा मसला ज़रूर खड़ा करेंगे जिससे उनकी नैया पार लग सके। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक तो कह ही चुके हैं कि- 'मोदी चुनाव जीतने के लिये किसी भी हद तक जा सकते हैं। वे 2024 के चुनाव के पहले पुलवामा जैसा कांड या राममंदिर पर हमला भी करा सकते हैं।' दूसरी ओर कांग्रेस व इंडिया अब बेहद सतर्क हैं और धार्मिक या भावनात्मक मुद्दों की भाजपायी पिच पर उतरने के लिये तैयार ही नहीं है। अब तो परिस्थिति इस कदर विपरीत है कि कांग्रेस-इंडिया के उठाये मुद्दों पर भाजपा बोलने पर भी फंस रही है और मौन रहे तो और भी फंसती जाती है। ये चुनाव केवल पांच सरकारें बनाएंगे या गिराएंगे नहीं, वरन लोकसभा-2024 का रास्ता और विमर्श दोनों का ही निर्धारण करेंगे।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# जाति जनगणना इंडिया का भाजपा के खिलाफ मुख्य हथियार

■ कल्याणी शंकर

भारत को जाति जनगणना की आवश्यकता है? यदि इसे राष्ट्रीय स्तर पर कराया जाता है, तो यह क्या परिणाम लायेगा- सकारात्मक या नकारात्मक? इस मुद्दे पर बहस छिड़ी हुई है। संभावित लाभ या कमियों पर अलग-अलग राय के कारण यह मुद्दा विवादास्पद है।

राय अलग-अलग हैं, कुछ इसकी दीर्घकालिक उपस्थिति को स्वीकार करते हैं और अन्य प्रतिकूल परिणामों के लिए चिंता व्यक्त करते हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी में, राजनीतिक दल हाशिए पर रहने वाले समुदायों के साथ संबंध स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप जाति जनगणना की मांग बढ़ गई है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना कराकर मौजूदा बहस को और भड़का दिया है। उन्होंने 2 अक्टूबर को नतीजे जारी किये और खुद को हाशिए पर मौजूद समुदायों के चैंपियन के तौर पर पेश किया।

जनगणना रिपोर्ट से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई 50फीसदी आरक्षण सीमा को हटाने की राजनीतिक मांग उठ सकती है। अपनी हालिया मुंबई बैठक में, नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया ने भी जाति जनगणना का अनुरोध किया। महाराष्ट्र, ओडिशा और झारखंड जाति जनगणना कराने पर सहमत हो गये हैं, जबकि बंगाल ने अभी तक फैसला नहीं किया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने भी वायदा किया है।

> जाति जनगणना के विषय पर अलग-अलग राय सामने आती है। इसमें चुनावों और समुदायों पर इसके प्रभाव जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है। 1931 से अधिक विश्वसनीय डेटा की आवश्यकता को देखते हुए, इसे अभी भी पूरा करने की आवश्यकता है। कुछ लोग जाति जनगणना के पक्ष में तर्क देते हैं, लेकिन यह अंधेरे में आंख मारने की कोशिश करने जैसा है।

जाति जनगणना के विषय पर अलग-अलग राय सामने आती है। इसमें चुनावों और समुदायों पर इसके प्रभाव जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है। 1931 से अधिक विश्वसनीय डेटा की आवश्यकता को देखते हुए, इसे अभी भी पूरा करने की आवश्यकता है। कुछ लोग जाति जनगणना के पक्ष में तर्क देते हैं, लेकिन यह अंधेरे में आंख मारने की कोशिश करने जैसा है।

1931 से पहले, दशकीय जनगणना में जाति पर डेटा शामिल था। हालांकि, 1941 को द्वितीय विश्व युद्ध के कारण छोड़ दिया गया था। 1951 से 2011 तक, भारत की सभी स्वतंत्र जनगणनाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बारे में जानकारी थी, लेकिन अन्य जातियों के बारे में नहीं।

भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान जाति पर आंकड़ा एकत्र किये गये थे जिनका उद्देश्य प्रशासनिक और जनसांख्यिकीयथा। आजादी के बाद नेहरू सरकार जाति जनगणना के पक्ष में नहीं थी। कांग्रेस की लगातार सरकारों ने दशकों तक जाति जनगणना का विरोध किया। जनता सरकार के दौरान 1979 में मंडल आयोग की स्थापना की गई। एक दशक बाद जनता दल के प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह ने मंडल आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए 27ओबीसी आरक्षण लागू किया। 2001 की जनगणना में जाति को एक श्रेणी के रूप में जोड़ने पर विचार किया गया, लेकिन व्यावहारिक मुद्दों और चिंताओं ने इसे लागू होने से रोक दिया।

हालांकि, 2010 में मनमोहन सिंह सरकार ने आर्थिक कारकों के आधार पर एक सर्वे कराया था। महामारी के कारण 2021 की जनगणना स्थगित कर दी गई और अभी तक नहीं की गई है। आज कांग्रेस के रुख में बदलाव दिख रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए 'जितनी आबादी, उतना हक़' वाक्यांश का इस्तेमाल किया। 2011 में, सोशियोइकानॉमिक एंड कास्टसेंसस (एस.ई.सी.सी.) में जाति के बारे में जानकारी शामिल थी, लेकिन मुख्य ध्यान जीवन स्तर और वित्तीय स्थिति पर था।

मोदी सरकार ने 2015 में एसईसीसी का वित्तीय आंकड़ा जारी किया, लेकिन जाति उसमें जाति जनगणना को शामिल नहीं किया गया था।

जाति को परिभाषित करना एक जटिल मुद्दा है। जाति जनगणना को भेदभावपूर्ण माना जाता है और उन लोगों द्वारा इसका विरोध किया जाता है जो सभी के लिए समान अधिकार और अवसर चाहते हैं। भाजपा ने जाति जनगणना पर अब तक कोई आधिकारिक रुख नहीं अपनाया गया है। यह मांग सबसे पहले राजद जैसे क्षेत्रीय दलों ने उठाई थी और अब जे.डी. (यू) और फिर अधिकांश अन्य विपक्षी दलों द्वारा समर्थित है। भाजपा के अधिसंख्य नेता मानते हैं कि जाति जनगणना कराने से राजनीतिक और तार्किक चुनौतियों के कारण अधिक एकजुट समाज के निर्माण में बाधा आ सकती है।

ऐतिहासिक रूप से, भारत की स्वतंत्रता के लिए संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए संविधान सभा की बैठक दिसंबर 1946 और नवंबर 1949 के बीच हुई थी। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल जैसे दिग्गज महत्वपूर्ण व्यक्ति थे जिन्होंने सरकारी संरचना, नागरिकों के अधिकार और मौलिक सिद्धांतों जैसे विषयों पर चर्चा का नेतृत्व किया। नये गणतंत्र के संविधान को आकार देने में उनका योगदान महत्वपूर्ण था।

पिछले सामाजिक अन्यायों को दूर करने के लिए संविधान द्वारा सकारात्मक कार्रवाई की अनुमति दी गई है। हालांकि, जाति जनगणना जैसे विशिष्ट आंकड़ा एकत्र करने के बारे में पर्याप्त चर्चा नहीं हुई होगी।

जाति जनगणना कराने के पक्ष और विपक्ष दोनों में वैध तर्क हैं। अंतत:, जनगणना कराने का निर्णय काफी हद तक राजनीतिक कारकों, जनता की भावना और सत्तारूढ़ पार्टी की प्राथमिकताओं पर निर्भर करता है। सरकार के कार्य जनता की मांगों और जागरूकता के स्तर से भी प्रभावित हो सकते हैं।

फिलहाल, हमें जाति जनगणना के महत्व को स्वीकार करने के लिए अधिक अनुकूल वातावरण की आवश्यकता है। भाजपा नेताओं का तर्क है कि महात्मा गांधी और राम मनोहर लोहिया समेत कई नेताओं ने माना है कि जातिगत भेदभाव समाज को कमजोर करता है।

भाजपा नेता जाति जनगणना का समर्थन करने में संकोच करते हैं, हालांकि उनके पास लोकसभा में बहुमत है। लेकिन जाति-आधारित पार्टियां अपने समर्थकों को खुश करने के लिए इसकी वकालत करती हैं, जिससे भाजपा के लिए दुविधा पैदा हो जाती है। कुछ राजनीतिक दलों ने जाति के मुद्दों को संबोधित करके प्रभाव प्राप्त किया है। कई विशिष्ट समुदाय अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता चाहते हैं। कांग्रेस, डी.एम.के., और जे.डी. (यू) जाति जनगणना का समर्थन करते हैं, जो बिहार पहले ही आयोजित कर चुका है। अन्य राज्य भी जाति जनगणना करवा सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना की मांग ने एक कांटेदार राजनीतिक चुनौती खड़ी कर दी है। दुविधा यह है कि इस कदम से इंडिया गठबंधन की पार्टियों को फायदा हो सकता है, चाहे केंद्र कुछ भी करे। लोकसभा चुनाव से छह महीने पहले भाजपा वाकई दुविधा में है। देखने वाली बात यह होगी कि आखिर मोदी सरकार इस पर क्या प्रतिक्रिया देती है।

## आज जयंती

### जयप्रकाश देश व जनता की नब्ज पहचानते थे

स्व. जयप्रकाश का व्यक्तित्व एक ऐसा व्यक्तित्व रहा जिसमे विभूति के अनेक परिमाण विद्यमान थे। अद्भुत रम्यता के कारण उनके व्यक्तित्व में इन्द्रधनुष की सी मोहक विविधता थी। उनका व्यक्तित्व जितना विवादास्पद था उतना ही मनोरम था। सच तो यह है कि जे.पी. ने सत्ता की राजनीति के संकुचित दायरे से निकल कर लोकनीति के क्षितिज व्यापी क्षेत्र में पदार्पण किया था। इसमें संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति पद की गरिमा व परिधि और वर्तुल बहुत बड़े होते हैं, परन्तु निरूपाधिक नागरिकता का क्षेत्र तो असीम होता है। इस क्षेत्र से जे.पी. क्या जुड़े, मानों सम्पूर्ण क्रांति का स्वप्न साकार करने के लिए ही उन्होंने देश की युवा पीढ़ी से एक ऐसे अहिंसक संघर्ष का आह्वान किया जिसके मूल में सम्पूर्ण क्रांति की धुन थी। स्व. जयप्रकाश बाबू की नजर प्राय: सुदूर क्षितिज पर वर्तमान की निराशा के पार भविष्य पर टिकी रहती थी। यही कारण था कि वे विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े रहे। उन्होंने जीवन भर समग्र क्रांति की साधना से ही जनजीवन का दोहन किया। वे प्राय: इस बात पर जोर देते रहे कि सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन में आमूल परिवर्तन लोगों के अपने अभिक्रम और परिवर्तन से ही संभव है। जब जे पी. किसी आंदोलन की बात करते थे तो यह लगता था कि वे परिवर्तन के ठोस इरादों से भरे हुए हैं। वे नैतिकता व मूल्यों की ऊंचाई तक यूं ही खाली नहीं पहुंचे थे, चूंकि उनके लक्ष्य अपने आप में एक प्रतिमान थे। एक बार निश्चय कर लेने के बाद वे दृढ़ता से टिके रहते थे। ऐसे उदाहरण कम ही मिलते है, लेकिन वे जड़ दुराग्रही नहीं थे, इसलिए उनके बारे में लोगों को कई बार गलतफहमियां भी हो जाती थीं।

एक समग्र दृष्टि से देखने पर जेपी के चिंतन की ध्वनि में और उनके बुनियादी रूख में गांधीवाद का ही रंग चढ़ा हुआ था। वैसे विचारधारा की दृष्टि से जेपी ने सर्वोदय से लेकर सम्पूर्ण क्रांति की मंजिल तय की। लेकिन तीसरे दशक के जयप्रकाश ने आगे चलकर गांधी द्वारा शुरू की गई सार्वजनिक जीवन की परम्पराओं को जारी रखा। हालांकि गांधीजी की तुलना में जयप्रकाश ने गांधी के कार्यक्रमों को अमली रूप देते वक्त देश व भारतीय समाज की चिंता को सामने रख कर प्रयोग किये थे। वे प्राय: ऐसी विचारधाराओं की खोज में रहते थे जो उनकी आवश्यकताओं को पूरी कर सके। ताकि गांधी विचारधारा का विकास हो सके और देश का मानव तंत्र सत्य, अहिंसा के आधार पर दूषित संस्कृति को बदलकर सामाजिक व्यूह रचना में लग सके। किसी भी विषय में तथ्यों की खोज की एक अदम्य आकांक्षा उनमें सदैव बनी रहती थी। यही कारण था कि कोई मत, वाद संस्था अथवा संगठन व सम्प्रदाय उनके जीवन व व्यक्तित्व को अपनी सीमा में कैद नहीं कर सके। शायद इसीलिए उनका व्यक्तित्व किसी भी विचारधारा में न तो सीमित हुआ और न ही परिमित।

जयप्रकाश नारायण स्वतंत्रता को लोकतंत्र में सबसे ऊंचा स्थान देते थे। वे आजादी को ही मनुष्य के लिए उसका आदर्श मानते थे। एक स्वतंत्रचेता भारतीय होने के नाते जे.पी. का संपूर्ण क्रांति का दर्शन एक तत्कालीन आवश्यकता न होकर राजनीतिक विचारधारा में परिवर्तन का दिशा संकेत था। यही वजह थी कि जे.पी. देश व जनता की नब्ज को बखूबी पहचानते थे। जे.पी. के विचारों की गंभीरता को समझने हेतु स्वतंत्रता व लोकतंत्र के बाद समग्र क्रांति का दर्शन समझना जरूरी है। यह उनके अंतर मन का परिणाम था जो वे साल के दशक में ही वे महसूस करने लग थे। समग्र क्रांति के जरिये थे भारत के राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक ढांचे में बुनियादी परिवर्तन लाने के हामी थे। राजनीतिक क्षेत्र में लोकतंत्र, आर्थिक क्षेत्र में समाजवाद व सामाजिक क्षेत्र में समानता के ये प्रबल पक्षधर थे। जे.पी. हालांकि पश्चिमी विचारधारा मार्क्सवाद से अवश्य ही प्रभावित थे, किंतु उनका मार्क्स एवं अन्य साम्यवादी विचारधाराओं से विरोध भी था, जिसमें शोषणहीन समाज की स्थापना हथियार बंद क्रांति से जुड़ी थी। जे.पी. हिंसा के हर स्तर के विरोधी थे। स्व. जयप्रकाश नारायण के क्रांति शब्द की व्याख्या आने वाली पीढ़ी शब्द कोषों और पुस्तकों की मदद से कर भी पायेगी या नहीं लेकिन जिन लोगों ने जे.पी. को बहुत करीब से देखा है, उन्होंने यही कहा है कि महात्मा गांधी की सबसे बड़ी उपलब्धि थी भारतीय आत्मा से समझौता और सत्ता से अलग लोकनायक का जीवन गांधी ने जहां इतिहास को ठहराव दिया था, वहीं से जयप्रकाश नारायण ने शुरूआत की थी। दोनों के जीवन में सबसे बड़ी समानता भी यही थी कि झूठ से संधि न की जाये अपनी बात निर्भयता से कह दी जाए तथा सत्ता से व्यवस्था को श्रेष्ठ और अलग माना जाये। राष्ट्रपिता को देश ने जो सम्मान व गौरव दिया, वहीं गौरव तथा सम्मान वर्षों बाद सत्ता से अलग व बाहर रहकर यदि किसी को मिला तो वह लोकनायक जय प्रकाश नारायण को ही मिला।

आज जे.पी. हमारे बीच नहीं हैं, उनके जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण परम्पराएं.. आदर्श व मूल्य उनके साथ ही समाप्त हो गये हैं। जो बात जयप्रकाश जी में थी, वह आज नेताओं में देखने को नहीं मिलती।

चेतन चौहान-सुमन सागर

## आपके पत्र

### असहमति और विरोध की परिणति हिंसा या युद्ध नहीं

किसी विचार या मुद्दों से असहमत होने का मतलब हिंसा प्रतिफल के रूप में नहीं हो सकती है। विचारों से असहमति और विरोध का सबसे क्रूर और हिंसात्मक ताजा-ताजा परिणाम फिलिस्तीन इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है जिसमें 2000 लोगों की जान चली गई और 5000 लोगों से ज्यादा घायल मानव शरीर कराह रहे हैं, दूसरी तरफ रूस-यूक्रेन युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। धरती विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भारत जैसे देश को भी सावधान और सतर्क हो जाना चाहिए उसके परंपरागत शत्रु चीन और पाकिस्तान भी हमेशा भारत की सीमा में घात लगाए बैठे रहते हैं और आक्रमण का खतरा भी सदैव बना रहता है।

आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाति ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू-मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमा चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है वहीं दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्वहीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्गविहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है।

संजीव ठाकुर

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### छात्रसंघ पदाधिकारियों ने ली शपथ



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** स्थानीय सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों के विचारों में लोकतंत्र की स्थापना करने के उद्देश्य से कैबिनेट का गठन किया गया था। जिसका शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। प्रभारी अनुज गुप्ता, रजनी गुप्ता ने बताया कि छात्र संघ के पदाधिकारियों में हेड बॉय निष्कर्ष जैन, हेडगर्ल टीशा शर्मा अंग्रेजी माध्यम और हिंदी माध्यम में अध्यक्ष शिफा खानम, उपाध्यक्ष रानू दांगी को चुना गया। स्कूल में हाउस के अनुसार यलो ग्रुप में रोहित गुर्जर कैप्टन, हर्षित विश्वकर्मा वाइस कैप्टन चुने गए, ग्रीन हाउस में शिवम दांगी कैप्टन और सत्येंद्र पाठक वाईस कप्तान चुने गए। रेड ग्रुप में युवराज सिंह परमार केप्टन, कृष्णा सोनी वाइस केप्टन चुने गए। इसी तरह ब्लू ग्रुप में दर्श दांगी कैप्टन और अरुण अहिरवार वाईस कैप्टन चुने गए। सभी छात्र पदाधिकारियों ने अपने सहयोगियों के साथ शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण समारोह में संस्था के डायरेक्ट केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव एवं गायत्री परिवार के पदाधिकारी एसके सोनी सैनी भी अतिथि के रूप शामिल हुए।

### 3 आदतन अपराधी जिलाबदर

**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी नदीम पिता फरीद बेग निवासी खिरियानारायणदास बेगमगंज थाना बेगमगंज जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2018 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 12 प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी रोहित राजपूत पिता खुमान सिंह राजपूत निवासी ग्राम मेहरागाव कला बरेली थाना बरेली जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2018 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 14 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। इनके अतिरिक्त विभिन्न अपराधों में आरोपी ऋषिराज लोधी पिता शंकर सिंह लोधी निवासी भैंसवाई खुर्द थाना बेगमगंज जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2010 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 17 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी नदीप वेग, आरोपी रोहित राजपूत तथा आरोपी ऋषिराज लोधी को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से 06-06 माह के लिए निष्कासित किया गया है।

# दिनदहाड़े कट्टे से फायर कर बैंककर्मी से लूट का प्रयास

▶ स्टेट बैंक के सामने हुई घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, बाइक पर आए थे 3 बदमाश





**गंजबासौदा, देशबन्धु।** स्टेशन रोड स्टेट बैंक के सामने मंगलवार दोपहर बाइक पर आये तीन अज्ञात बदमाशों ने बैंक के कर्मचारी पर कट्टे से फायर करते हुए लूट करने का प्रयास किया। हालांकि इस घटना में बदमाश लूट की वारदात करने में विफल रहे। दिनदहाड़े बैंक के सामने लूट की वारदात का प्रयास होने से क्षेत्र के व्यापारियों सहित नागरिकों में भी भय का माहौल बना हुआ है।

घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन तब तक वह पुलिस की पहुंच से दूर जा चुके थे। स्टेशन रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के बाहर घटित यह घटना बैंक के बाहर एवं पास की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट रूप से कैद हुआ है। लूट की वारदात को अंजाम देने आये बदमाशों के हौसले इतने बुलंद थे कि वह अपने चेहरे पर नकाब भी नहीं पहने हुए थे। केवल बाइक सवार बदमाश ही हैलमेट लगाया हुआ था। देर शाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल करते हुए पीड़ित बैंक कर्मचारी से बातचीत की।

फिलहाल पुलिस उन अज्ञात बदमाशों की धरपकड़ में लगी हुई है। बीते तीन दिनों के अंदर शहर में इस तरह की वारदात की यह दूसरी घटना है इससे पहले नौलखी मंदिर के सामने जैन मंदिर से दर्शन कर लौट रही एक महिला के गले से भी बाइक सवार बदमाशों ने चैन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। जानकारी के अनुसार सुभाष चौक स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत कर्मचारी अरविंद दांगी प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी दोपहर लंच के बाद भारतीय स्टैट बैंक से नगद राशि निकालने के लिये बैंक में आये हुए थे। अरविद ने एसबीआई बैंक से 5 लाख रूपये निकालकर अपने साथ लाये हुए बैग में रख लिये और वह बैग अपनी बाइक पर आगे की ओर रख लिया। इस दौरान वारदात को अंजाम देने की तांक में बैठे बदमाशों ने कट्टा निकालकर हवाई फायर किया और अरविंद के आगे रखे उस बैग को छीनने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश विफल रहे अरविंद बैग सहित दौड़ लगाकर बैंक की ओर भागे। इस बीच बदमाशों ने फिर से बैग छीनने का प्रयास किया और अरविंद पर भी गोली चलाई लेकिन कट्टे से फायर नहीं हुआ। अरविंद बैंक के अंदर सुरक्षित पहुंचा और बदमाश भाग निकले। घटना के समय आसपास काफी संख्या में लोग थे लेकिन दो बदमाशों के हाथ में कट्टे होने के कारण किसी ने बीच बचाव का भी प्रयास नहीं किया। घटना के बाद पुलिस सक्रिय हुई और तत्काल शहर में घेराबंदी करते हुए दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की सघन जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी।

पुलिस ने नई मंडी, जयस्तंभ चौक, कर्मादेवी चौराहा, राजेन्द्र नगर क्षेत्र में हैलमेट पहनकर घूम रहे बाइक सवारों को रोककर जांच पड़ताल की। दिनदहाड़े हुई घटना के बाद एडिशनल एसपी ने शहर थाना पहुंचकर बैंक कर्मी अरविंद से इस घटना के संबंध में बातचीत की और संबंधित थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों को बदमाशों की धड़पकड़ के लिये आवश्यक निर्देश दिये।

पूरे जिले में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# स्वीप नोडल अधिकार ने दिलाई मतदान की शपथ, संकल्प पत्र भी भरवाए



रायसेन, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन-2023 में जिले में अधिक से अधिक मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को रायसेन जिले के सभी विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए और विधानसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने के संकल्प पत्र भरवाए गए। रायसेन में स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती भदौरिया ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, युवा मतदाताओं से संवाद करते हुए उन्हें मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट कीमती होता है। सशक्त लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं स्वविवेक से नैतिक मतदान करें। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, युवा मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई और संकल्प पत्र भी भरवाए गए। छात्र-छात्राओं, युवा मतदाताओं के साथ स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती भदौरिया, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ इशरत खान सहित अन्य अधिकारियों द्वारा भी मतदान करने के संकल्प पत्र भरे गए।

**जिले में मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 17 नवम्बर को मतदान होगा तथा 03 दिसम्बर को मतगणना की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन प्रचार-प्रसार कार्य में लाउडस्पीकर के अनियंत्रित उपयोग से होने वाली जन परेशानी, ध्वनि प्रदूषण तथा शांति व्यवस्था के हित में मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक विहित प्राधिकारी की लिखित अनुज्ञा के बिना जिले में ध्वनि विस्तारण यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिनियम अंतर्गत रायसेन जिले की चारों विधानसभाओं के लिए संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को प्राधिकृत अधिकारी घोषित किया गया है। विहित प्राधिकारी ऐसे समस्त मामलों में जिनमें ध्वनि विस्तारक यंत्र चलाने की अनुज्ञा दी गई है, ध्वनि विस्तारक चलाए जाने की अवधि एक दिन में 6 घंटे से अधिक नहीं होगी, विनियमित कर सकेंगे।

# पुलिस ने निकाला फ्लेग मार्च



**सिरोंज, देशबन्धु।** आचार संहिता लागू होते ही स्थानीय प्रशासन विधानसभा चुनाव शांतिपूर्व संपन्न कराने के लिए तैयारियों में जुट गया है। जिसके तहत नगर वासियों को सुरक्षा का आभास कराने के उद्देश्य से एसडीएम हर्षल चौधरी की मौजूदगी में मंगलवार शाम को पुलिस ने थाना प्रागंण से नगर में पुलिस अधिकारियों के साथ फ्लेग मार्च निकाला। फ्लेग मार्च में एसडीएम के साथ नगर निरीक्षक संदीप कुमार पवांर, तहसीलदार संजय चौरसिया, नायब तहसीलदार आदि पुलिस अधिकारी एवं पुलिस आरक्षक मौजूद शामिल रहे। फ्लेग मार्च मुख्य बाजार के प्रमुख मार्गो से होकर वापस थाना प्रागंण पहुंचकर समाप्त हुआ।

# आधुनिक सुविधायुक्त न्यायालय भवन का आज होगा लोकार्पण



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** ग्राम रजोदा में लगभग 34 करोड रूपए की लागत से निर्मित जिला एवं अपर सत्र न्यायालय के नये भवन का लोकार्पण 11 अक्टूबर को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवि मलिमथ द्वारा वर्चुअल किया जाएगा।

वर्चुअल उद्घाटन समारोह के आयोजन को लेकर जिला न्यायाधीश जाकिर हुसैन मंगलवार को गंजबासौदा न्यायालय पहुंचे उन्होंने अभिभाषक सघं कक्ष पहुंचकर सभी अभिभाषकों को वर्चुअल उद्घाटन समारोह में आने का आमंत्रण भी दिया। जिसे सभी अभिभाषक संघ के सदस्यों ने स्वीकार किया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश का पुष्पमालाओं से स्वागत संघ के अध्यक्ष अखिलेश लाहोरी सचिव नेतराम रघुवंशी उपाध्यक्ष सुनील भावसार ने किया। इस अवसर पर स्थानीय न्यायाधीश भी उपस्थित थे। द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नीलम मिश्रा के कार्यालय के अनुसार जल्द ही इसमें 13 अदालतों का संचालन होना प्रारंभ हो जावेगा। उक्त भवन में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं न्यायकि मजिस्ट्रेट सहित कुल 13 न्यायाधीश बैठेगें इसके साथ ही इसमें मालखाना नजारत अनुभाग नकल शाखा अभिभाषक कक्ष लाइब्रेरी कैंटीन बैंक वीडियों काफ्रेंसिंग हाल सहायक लोक अभियोजक अधिकारी के कार्यालय पक्षकारों के लिए कारीडोर सहित अन्य अनुभाग के अधिकारी कर्मचारियों की बैठने की व्यवस्था भी की गयी है। एवं आधुनिक सुविधा के रूप में उक्त भवन में हार्वेस्टिंग व फायर फाइटिंग सिस्टम की व्यवस्था की गयी है। ताकि जल संरक्षित हो और आग लगने जैसी आपात स्थिति में नुकसान से बचा जा सके। शीघ्र ही नवीन न्यायालय भवन में कार्य संचालन होना शुरू हो जावेगा ।

# कृषि मंडी में नहीं हो रहा सुधार, फिर किसान की उपज तौल में हेराफेरी



**सिरोंज, देशबन्धु।** कृषि मंडी में कोई सुधार होते नहीं दिख रहा। मंगलवार को फिर एक किसान की उपज को तौलने में हेराफेरी की जा रही थी लेकिन किसान ने सतर्कता से हम्माल की चोरी को पकड़ लिया। जिसके बाद हम्माल मौके से भाग खड़ा हुआ। मौके पर किसान नेता सुरेन्द्र रघुवंशी पहुंचे और मंडी अधिकारीयों को बुलाया गया। प्राथमिक जांच में पाया गया कि इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटे से कम तौलकर अनाज चोरी करने के प्रयास किये जा रहे थे। तौल कांटे को गड्ढे में रखा जाता है, जिसे खिसकाकर गड्ढे की दीवार के पास कर देते है जिससे तौल कांटे का पलड़ा अड़ जाता है और कम तौल बताता है। इसी तरीके से मंडी में रोज चोरी किया जाता है। उधम सिंह हर बोरे में 60 किलो सोयाबीन भरकर लाया था। मंडी में इसकी तोल 49 किलो आ रही थी। तब उधम सिंह ने तौल कांटा दीवार के पास से हटा कर गड्ढे के ठीक बीच में रखा और दुबारा तोला तो बोरा 60 किलो का निकला। तुलावट ने भागे हुए हम्माल का नाम राजेश बताया है। जांच कर रहे मंडी इंस्पेक्टर पूरनलाल ने कहा कि हमको समझ आ गया कि चोरी हो रही है। सभी व्यापारियों को नोटिस देंगे कि इलेक्ट्रिक तौल कांटे समतल जगह में रखें। उन्होंने कल से ही व्यवस्था सुधार देने का दावा किया। साथ ही कहा कि किसान बड़े कांटे पर तौल करवाये, छोटे कांटो का उपयोग ही न करें।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंसापूर्ण हनुमान मंदिर के पास स्थित सेवा केंद्र में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भागदौड़ भरी वर्तमान जीवन शैली में सबसे बड़ी और लगातार बढ़ती हुई समस्या है मानसिक तनाव हर किसी के जीवन में स्थाई रूप से अपने पैर पसार चुका तनाव व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है यही कारण है कि इससे बचने के लिए और मानसिक शांति प्राप्त करने के लिए योग, ध्यान, अध्यात्म और कई तरह के अलग-अलग तरीकों को लोग अपने जीवन में उतार रहे हैं लेकिन व्यक्ति को यह बात याद रखनी चाहिए कि तनाव किसी भी समस्या का हल नहीं होता बल्कि कई अन्य समस्याओं का जन्मदाता होता है। दुनिया में सबसे अधिक हार्ट अटैक का मुख्य कारण मानसिक तनाव होता है यह आपका स्वभाव चिड़चिड़ा कर आपकी खुशी और मुस्कान को भी चुरा लेता है। जबकि एक छोटा बच्चा दिन में तीन सौ बार मुस्कुराता है और एक व्यस्त व्यक्ति दिन में तीन बार भी नहीं मुस्कुराता।

# बाइक से अवैध हथियार लेकर आ रहे 2 बदमाश गिरफ्तार

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की बानमोर थाना पुलिस ने सोमवार की रात्रि मुखबर की सूचना पर से चेकिंग के दौरान बानमोर क्षेत्र में अवैध हथियार खपाने के लिए ला रहे रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार एवं राउंड बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आराम से एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध हथियार के निर्माण एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत एसडीओपी बानमौर श्रीमती दीपाली चंदौरिया के मार्गदर्शन में मंगल सिंह पपोला थाना प्रभारी बामौर को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक न्यू हीरो स्पलैण्डर एमपी 06 जेडए 8923 से अवैध हथियार लेकर बेचने के लिये पारौली गाँव की तरफ से बामौर की तरफ आ रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने खासाराम का पुरा तिराहा बामौर पर पहुँचकर नाकाबंदी कर चौकिंग की, तभी कुछ ही देर में एक मोटर साइकिल स्पलेण्डर नंबर एमपी 06 जेडए 8923 की आती हुई दिखी, जिस पर दो व्यक्ति बैठे हुए थे और वे एक प्लास्टिक की बोरी रखे हुये थे। आरोपी पुलिस को देखकर वापस मोटरसाइकिल मोडकर पीछे की तरफ भागने लगे, जिन्हें फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों की चैकिंग की गई तो उनके कब्जे से 02 अधिया देशी 315 बोर, 9 देशी कट्टा 315 बोर एवं 11 जिन्दा राउण्ड 315 बोर के एक प्लास्टिक के कट्टे से बरामद किये गये। बानमोर पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

# केंद्रीय मंत्री के आने से कोई क्रांति नहीं आई : तोमर

▶ कांग्रेस विधायक ने कहा- पार्टी आदेश करेगी तो तन, मन, धन से चुनाव लड़ूंगा

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के दिमनी विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक रविंद्र सिंह तोमर ने कहा कि वह कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं और पार्टी का आदेश होगा तो तन, मन, धन से चुनाव लड़ूंगा। जिस प्रकार की अफवाहें फैलाई जा रही हैं, वह भाजपा का कार्य है। साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में घर-घर जनता के सुख-दु:ख में शामिल हुआ हूं और जो जनता के साथ होगा, जनता उसके साथ चलेगी।

तोमर ने मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को दिमनी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है, तो कोई क्रांति नहीं आई है। वह 15 साल से राजनीति कर रहे हैं तथा तीन चुनाव में भाजपा की ओर से चेहरा किसी और का होता था, लेकिन पूरी ताकत नरेंद्र सिंह तोमर की होती थी और इसमें मैं कोई बुराई नहीं मानता, वह पार्टी के लिए काम करते हैं और करेंगे। हम कांग्रेस के सिपाही हैं, कांग्रेस ने हमारा सम्मान किया है, विधायक बनाया है और जनता के सुख-दु:ख में हमेशा साथ रहा हूं। पार्टी आदेश करेगी तो तन, मन, धन से चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने कहा कि जो अफवाह उड़ाई जा रही थी कि नरेंद्र सिंह के आने से विधायक रविंद्र सिंह अब बैठ जाएंगे और ताकत से चुनाव नहीं लड़ेंगे। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि भाजपा भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने माहौल बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन दिमनी विधानसभा में ऐसा माहौल नहीं बनेगा।

पहले भी जब चुनाव लड़ा था, तब भी यह माहौल भाजपा द्वारा बनाया गया कि रविंद्र तोमर चुनाव जीतकर यूपी इटावा चले जाएंगे, लेकिन मैंने अपने कार्यकाल में सबसे अधिक समय जनता को दिया है और घर-घर तक गया हूं। 75 साल का रिकॉर्ड उठाकर देख लीजिए, किसी भी विधायक ने जनता को इतना समय नहीं दिया। जनता के कहने पर ही जनता दरबार लगाना आरंभ किया और हर रविवार को जनता दरबार में क्षेत्र वासियों की बात प्रेम पूर्वक सुनता हूं तथा उनके काम करने का प्रयास करता हूं।

जनता ने दलालों से दूर रहने का आदेश किया तो उस पर भी अमल किया और आज भी बेदाग हूं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री द्वारा अब सांसद निधि का पिटारा खोल दिया गया है, इससे पहले पिछले 10 वर्षों से उन्हें इस क्षेत्र की याद नहीं आई, हम भी चाहते हैं कि विधानसभा क्षेत्र एवं चंबल का विकास हो, हमारा भी लक्ष्य है लेकिन पिछले 10 वर्षों से विधानसभा के लिए कोई कार्य क्यों नहीं किया, इसका जवाब जनता देगी।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### 2 सौ से अधिक शिक्षकों को नहीं हुआ अगस्त के वेतन का भुगतान

**बैतूल, देशबन्धु।** संकुल केन्द्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल के लगभग 207 कर्मचारियों को माह अगस्त का वेतन भुगतान आज तक नहीं हुआ। समग्र शिक्षक संघ ने जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहू के नेतृत्व में यह आरोप लगाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बैतूल डॉ.अनिल कुशवाह को ज्ञापन सौंपा कर कर्मचारियों को वेतन तीन दिवस में भुगतान करने की मांग रखी। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि एजुकेशन पोर्टल पर तकनीकि समस्या आने के कारण माह अगस्त 2023 का ऑनलाइन वेतन बिल जनरेट न होने के कारण कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नही हो पाया है। जिसके लिए उन्होने लोक शिक्षण संचानलाय भोपाल को पत्र लिख कर 5 दिनों में वेतन भुगतान करवाने का आश्वासन दिया गया। जिला महामंत्री नेमीचंद मालवीय ने बताया की वेतन का भुगतान न होने पर कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। समग्र शिक्षक संघ द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि तकनीकि समस्या का निदान न होने पर ऑफ लाइन वेतन बिल लगाकर वेतन भुगतान की अनुमति डीडीओ को दी जाए। ज्ञापन सौपने में शामिल अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहू, जिला महामंत्री नेमीचंद मालवीय, राजेश महाते, एलडी नावंगे, मो.परवेज खान, द्वारका पवार, प्रवीण कुमार धोटे, गुणवंत देषमुख, नर्मदाप्रसाद मिश्रा, आर मालवीय आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### लापता वृद्ध का नहीं चला पता



**बैतूल, देशबन्धु।** दो अक्टूबर से ग्राम खेड़ीकोर्ट निवासी नत्थु जी करोले का पता नहीं चल पा रहा है। नत्थु जी के बेटे कैलाश करोले ने बताया कि उनके पिता नत्थु जी 2 अक्टूबर से उनके ग्राम खेड़ीकोर्ट से लापता है। यदि किसी को यह दिखाई देते है तो उनका पता बताने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा। सूचना देने के लिए उन्होंने 9171017528 नंबर जारी किया है।

### काठमांडू में आयोजित सम्मेलन में शामिल होंगी ऊषा द्विवेदी

**बैतूल, देशबन्धु।** काठमाण्डू-नेपाल में अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा 28 से 31 दिसम्बर तक जी.22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जी.22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन के संयोजक नेपाल के पूर्व राजदूत श्यामानन्द सुमन ने अतिथियों की स्वागत समिति में बैतूल शहर की प्रतिष्ठित महिला एवं अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच सलाहकार बोर्ड सदस्य ऊषा द्विवेदी का चयन किया है। बोर्ड सलाहकार सदस्य समारोह में अतिथियों की अगवानी व स्वागत करेंगे। उल्लेखनीय है कि सलाहकार बोर्ड सदस्य ऊषा द्विवेदी भारत की प्रतिष्ठा, शक्ति, पंचशील सिद्धान्त, भारत-नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति का पुर्नउत्थान पर अपना प्रतिवेदन संयुक्त राष्ट्र संघ के नाम समारोह में प्रस्तुत करेंगी। सलाहकार बोर्ड सदस्य उषा द्विवेदी के नेतृत्व में शिक्षा चिकित्सा, न्याय, समाज सेवा, औधोगिक क्षेत्र के की 11 प्रतिभाओं का सांस्कृतिक शिष्ट मण्डल 27 दिसम्बर को काठमाण्डू पहुंचेगा। पशुपति नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना, दर्शन का कार्यक्रम रखा गया हैं।

# अवैध संबंधों की आशंका पर डंडों से पीट-पीटकर युवक की हत्या

**5 किमी दूर पैदल ले जाकर कुएं में डाला था शव, पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार**



**मुलताई, देशबन्धु।** दुनावा पुलिस चौकी के ग्राम बुआलखापा के कुएं मे मिले जाम निवासी 32 वर्षीय युवक के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। युवक की हत्या अवैध संबंधों की आशंका के चलते डंडों से पीट पीट कर की गई थी और साक्ष्य छुपाने के लिए शव को घटना स्थल से 5 किलोमीटर दूर कुएं में डाल दिया गया था। उक्त मामले का खुलासा करते हुए एसडीओपी सुरेश पाल सिंह और टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि ग्राम बुआलखापा में मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने युवक की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी के परिवार में युवक के अवैध संबंध होने के शक के आधार पर बास के डंडे और पत्थर से मारपीट कर युवक की हत्या की गई थी और बाद में शव को कुएं में ले जाकर फेंक दिया गया था। 28 सितंबर को ओझा विश्वकर्मा निवासी जाम ने मुलताई थाने में शिकायत की थी कि उसके बेटे सुरेश विश्वकर्मा (32साल) का कुछ पता नहीं चल रहा है।उसका बेटा 24 सितंबर से घर से बिना बताए कहीं चला गया है। जिस पर पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज की थी। 2 अक्टूबर 2023 को ओझा विश्वकर्मा ने दुनावा चौकी में उसके बेटे की मृत्यु की सूचना दर्ज कराई थी और बताया था कि बेटे का शव बुआलखापा में फुसलाल के खेत में पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव बाहर निकलवाया तथा पाया कि शव पर चोट की निशान है, इस मामले में पुलिस ने पाया कि मृतक का शव उसके स्वयं के गांव से 5 किलोमीटर दूर के कुएं में पाए जाने से भी हत्या का संदेश पुलिस को हुआ। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 302,201 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर की।

जांच के दौरान मृतक के पिता ओझा विश्वकर्मा, मां सरस्वती विश्वकर्मा ने श्यामराव परते निवासी ग्राम जाम पर हत्या का संदेह जाहिर किया। पुलिस ने संदेही श्याम राव परते की तलाश कर उसे अभीरक्षा में लेकर पूछताछ की। उसने पुलिस को बताया कि उसके खेत में 27 सितंबर को सुबह करीब 8 बजे उसकी परिजन के साथ सुरेश के संबंध होने से उसके साथ लड़ाई झगड़ा हुआ था और इसी बात पर से श्याम राव ने पास में पड़ा बास का डंडा हाथ में लेकर सुरेश को मारना शुरू कर दिया और सुरेश के सिर, मुंह, हाथ,पैर में डंडे से मारा था। सिर पर कई बार डंडे से वार करने से सुरेश वहीं जमीन पर गिर गया और दम तोड़ दिया। श्याम राव ने शव घसीट कर उसके खेत के पास स्थित कुएं के पास रख दिया और रात में उसने उसके बेटे मनोज परते और मित्र रमेश धुर्वे के साथ मिलकर शव को प्लास्टिक की फट्टे में रखकर खेत के रास्ते से पहाड़ से पैदल चलकर फुसलाल के खेत ग्राम बुआलखापा पहुंचे और उसके कुएं में सुरेश के शव को डाल दिया और वापसी पर उक्त प्लास्टिक के फटटे को जला दिया और पानी से बहा दिया,घटना में प्रयुक्त बास के डंडे को कुएं के पास स्थित झाड़ियां में छुपा दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अंधे कत्ल के मामले का खुलासा करने में एसडीपी सुरेश पाल सिंह के नेतृत्व में टीआई प्रज्ञा शर्मा,दुनावा चौकी प्रभारी नीरज पाल,रणधीर सिंह ठाकुर,दिनेश बर्डे, नरेश,अभिषेक वादीवा, विजय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिले की पांचों विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी शिवसेना

**बैतूल, देशबन्धु।** शिवसेना ने ऐलान किया है कि वह जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके साथ ही साफ हो गया है कि अब शिवसेना भी चुनाव मैदान में है। शिवसेना ने बैतूल में उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। जानकारी के अनुसार शिवसेना के जिला प्रमुख विजेंद्र गोले को बैतूल विधानसभा से उम्मीदवार बनाया गया है। जिला प्रमुख विजेंद्र गोले ने बताया कि उनकी पार्टी यहां प्रमुख दलों को कड़ी टक्कर देगी। उन्होंने बताया महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, राष्ट्रीय सचिव अभिजीत अडसुल और राष्ट्रीय नेता ठानेश्वर महावर, प्रदेश अध्यक्ष राजीव चतुर्वेदी, प्रदेश प्रभारी सुरेश गुर्जर के आदेश अनुसार बैतूल जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर शिवसेना विधानसभा चुनाव लड़ेगी। नगर अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के समस्त पदाधिकारी ने बैतूल विधानसभा 131 पर विजेंद्र गले के नाम पर सहमति जताई। इस मौके पर समस्त शिव सैनिकों ने विजेंद्र को बधाई दी है।

## फाइनेंस कंपनी के खिलाफ एसपी से शिकायत

**बैतूल, देशबन्धु।** श्रीराम फाइनेंस कंपनी के खिलाफ फाइनेंस वाहन को कबाड़े में बेचने का आरोप लगाते हुए आवेदक ने एसपी से शिकायत की है। शिकायतकर्ता राहुल झरबडे ने बताया उन्होंने 2021 में पुरानी टवेरा, नंबर एमपी48बीसी 2900 खरीदने के लिए श्रीराम फाईनेंस से 3 लाख रूपए का लोन लिया था। जिसकी किस्त प्रतिमाह 11,783 रूपए आ रही थी। किस्तों को वे निर्धारित समय पर निरंतर जमा कर रहे थे। लॉकडॉउन के दौरन आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण चार किस्त बाउंस हो गई, कंपनी ने भी बिना ब्याज दर के आगे बढ़ने के आदेश जारी किए थे। इसके बावजूद चार किस्तों का ब्याज और पैनाल्टी रोपित करते हुए 1 लाख 50 हजार रूपए बकाया कर दिया। आवेदक ने बताया कि वे अभी तक 3 लाख रूपए जमा कर चुके हैं। इसके बावजूद अनुपस्थिति में 13 अगस्त 2023 को कंपनी के एजेंट राकेश धोटे, अंकुश मालवीय गाड़ी का लॉक तोड़कर ले गए। वाहन को कंपनी के यार्ड में खड़ी ना करते हुए कबाड़े में बेच दी गई।

# पहिए में आई छात्रा, लोगों ने कार उठाकर निकाला बाहर



**ऑटो एंबुलेंस से पहुंचाया अस्पताल**

**मुलताई, देशबन्धु।** मंगलवार दो स्कूली बच्चों को मुलताई बस स्टैंड के पास एक कार ने टक्कर मार दी। घायल छात्र और छात्रा को ऑटो एंबुलेंस ने हॉस्पिटल पहुंचाया।

दोनों बच्चे अपने पिता के साथ बाइक से स्कूल जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक छात्रा कार के नीचे फंस गई थी, जिसे आसपास के लोगों ने कार उठाकर बाहर निकाला। इस दौरान एक छात्र भी घायल हुआ। दोनों विद्यार्थियों को ऑटो एम्बुलेंस की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है सचिन पूरी अपनी बेटी आद्या पूरी और भांजे को छोड़ने के लिए स्कूल जा रहे थे, तभी एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे तीनों घायल हो गए। सभी को मुलताई के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है। छात्रा को ज्यादा चोटे आई थी।

# आमला विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी घोषित, कांग्रेस में अभी भी असमंजस

**निशा बांगरे भी टिकिट की दावेदार**

**सारनी, देशबन्धु।** जिले में पिछली बार पांच विधानसभा में से चार विधानसभा में कांग्रेस ने विजय हासिल की थी, लेकिन आमला विधानसभा में कांग्रेस जीत नहीं पाई थी। वर्ष 2018 में भाजपा के विधायक चेतराम मानेकर की टिकट काटकर डॉ. योगेश पंडाग्रे को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया था और कांग्रेस की तरफ से मनोज मालवे चुनावी मैदान में थे, लेकिन भाजपा प्रत्याशी डॉ योगेश पंडाग्रे 19 हजार 197 वोटो से विजय हासिल करने में सफल रहे। जबकि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहे,गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के उम्मीदवार राकेश महले ने 15 हजार 827 मत प्राप्त किए थे। जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार मनोज मालवे ने 54 हजार 284 वोट प्राप्त किए थे। भाजपा की विजय उम्मीदवार डॉ योगेश पंडाग्रे को 73 हजार 481 मत मिले थे।

भाजपा ने आमला विधानसभा क्षेत्र से फिर डॉक्टर योगेश पंडाग्रे को टिकट दी है। वहीं कांग्रेस के माध्यम से अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आमला विधानसभा क्षेत्र से डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे, मनोज मालवे, मोनिका निरापुरे,किरण झारबडे, हितेश नीरपुरे, विजय पारधी में से किसे टिकट दिया जाएगा। आमला विधानसभा क्षेत्र से इस बार गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं जयस संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी हुई है। हालांकि दोनों के बीच में अभी कुछ भी स्पष्ट यह नहीं हो पाया है। आमला विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 11 हजार 199 मतदाता है। जिसमें पुरुषों की संख्या एक लाख आठ हजार 558 है।जबकि महिला मतदाता एक लाख 3 हजार 940 से और आदिवासी मतदाता 47 हजार 806 है।

## भाजपा प्रत्याशी का जगह-जगह स्वागत



**सारनी, देशबन्धु।** भाजपा से प्रत्याशी घोषित होने के बाद मंगलवार को डॉक्टर योगेश पंडाग्रे का क्षेत्र में प्रथम आगमन हुआ जिसमें सलैया पंचायत के बस स्टॉप पर सारनी भाजपा मंडल ग्रामीण अध्यक्ष मोहन मोरे के नेतृत्व में स्वागत किया गया। ढोल धमाके के साथ पटाखे फोड़ कर उनका स्वागत किया गया। सर्वप्रथम पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करने के साथ उन्होंने कहा कि आमला विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाता के अपर स्नेह को देखते हुए पार्टी ने उन्हें दोबारा प्रत्याशी घोषित किया है। इस चुनाव के बाद क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। ग्राम पंचायत सलैया के पंचमुखी हनुमान मंदिर पर इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के पदाधिकारी पंच सरपंच उपस्थित रहे। इसके बाद भाजपा के युवा नेता रवि देशमुख के नेतृत्व में बगडोना में भाजपा विधायक प्रत्याशी का स्वागत करने का कार्य किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉक्टरों की टीम ने महिला के पेट से निकाला 7 किलो का ट्यूमर



**बैतूल, देशबन्धु।** घोड़ाडोंगरी ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम कान्हावाडी की एक आदिवासी महिला के पेट से 7 किलो का ट्यूमर निकला है। चिकित्सिक द्वारा किए गए इस सफल ऑपरेशन से महिला की जान बच गई। यह ऑपरेशन शहर के काकोड़िया हॉस्पिटल में डॉक्टर रमेश काकोड़िया एवं उनकी टीम द्वारा किया गया है। डॉ रमेश काकोड़िया ने बताया कि महिला को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, उनका इलाज शुरू किया तो पता चला पेट में बहुत बड़ा गोला है जो रोगी की जान के लिए घातक है। चिकित्सकों की टीम ने पूरी जांच के बाद महिला का ऑपरेशन किया और 7 किलो के गोले को बाहर निकाल दिया। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत अब खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि महिला लगभग चार साल से अनियमित माहवारी, पेट में सूजन, दर्द, भूख न लगना बार-बार पेशाब आना जैसे लक्षण से परेशान थीं। जांच के बाद ऑपरेशन करने की सलाह दी। टीम ने बच्चादानी से सात किलो वजन का गोला निकाला अब मरीज़ स्वस्थ है। डॉ रमेश काकोड़िया ने बताया कि अक्सर महिलाओं के पेट में गोला बनता है किंतु इसका आकार ज़्यादातर छोटा होता है यह धीरे-धीरे पेट में बनता है और इसके बढ़ने की रफ्तार भी काफी धीरे होती है, इसलिए महिलाओं को पता नहीं चलता और वे बीच- बीच में होने वाले दर्द को मामूली दर्द समझ इलाज नहीं करातीं। बाद में यह तकलीफ असहनीय हो जाती है। डॉ काकोड़िया ने बताया कि इसके पूर्व में भी उन्होंने एक महिला के पेट से 9 किलो का ट्यूमर निकाला है।

# भोजशाला में जरूरतमंदों को वितरित किया भोजन



**बैतूल, देशबन्धु।** सूर्यवंशी ढोलेवार कुनबी समाज युवा संगठन ने मंगलवार को जिला अस्पताल में संचालित भोजशाला में गरीबों जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में सूर्यवंशी ढोलेवार कुनबी समाज की युवा कार्यकारिणी का गठन किया गया है। कार्यकारी का गठन करने के साथ ही संगठन के युवाओं द्वारा समाज में सेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया। इसी के तहत मंगलवार को संगठन ने युवा कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से जिला अस्पताल की भोजन शाला में पहुंचकर सेवा कार्य किया। इस अवसर पर सूर्यवंशी ढोलेवार कुनबी समाज युवा संगठन के जिला अध्यक्ष अजय गंगारे ने कहा कि सेवा ही हमारा उद्देश्य है जिसे हम निरंतर जारी रखेंगे। उन्होंने भोजन शाला में सहयोग करने वालों का भी आभार व्यक्त किया। इस सेवा कार्य में प्रमुख रूप से ग्राम बाजपुर से परसराम, कापसे, संगठन के ब्लॉक उपाध्यक्ष, सरपंच राकेश गंगारे, जिला अध्यक्ष अजय गंगारे, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सरले कोषाध्यक्ष महेश पारधे, महामंत्री आयुष गंगारे, बंटी पारधे, नीरज सरले, भवानी सरले, लोकेश रावत, युगल गाडगे आदि मौजूद रहे।

# नीतू परमार ही रहेगीं नपाध्यक्ष, हाईकोर्ट ने लगाया एडीजे के आदेश पर स्टे

**पार्षद वंदना साहू की प्रस्तुत याचिका पर आया फैसला**







**मुलताई, देशबन्धु।** नगरपालिका मुलताई अध्यक्ष पद को लेकर चल रही खीचतान पर हाईकोर्ट द्वारा जारी स्थगन आदेश के बाद एक बार फिर विराम लग चुका है ।गौरतलब है कि बीते 13 जून 2023 को अपर जिला न्यायाधीश मुलताई द्वारा भगतसिंह वार्ड पार्षद वर्षा गढेकर द्वारा प्रस्तुत याचिका पर फैसला सुनाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार का चुनाव अवैध एवं शुन्य घोषित कर दिया था ।जिसके बाद राज्य शासन द्वारा पार्षद वर्षा गढेकर को नगर पालिका अध्यक्ष मनोनीत करते हुए 10 जुलाई को नपा अध्यक्ष चुनाव की घोषणा कर दी गई थी। इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष नीतू परमार द्वारा प्रस्तुत रिवीजन पर जबलपुर हाईकोर्ट ने सुनवाई कर निचली अदालत के फैसले पर रोक लगा दी थी ।जिससे फिर से नीतू परमार अध्यक्ष पद पर बनी रही ।लेकिन इस रिवीजन के मामले में 250 रुपए फीस नियत दिनाकं को जमा नही होने के कारण वर्षा गढेकर की ओर से अधिवक्ताओं द्वारा की गई बहस के बाद बीतें 4 अक्टूबर 2023 को सिविल रिवीजन खारिज कर दिया था। जिसके कारण नपा अध्यक्ष के चुनाव फिर से होने की स्थिति निर्मित हो रही थी। लेकिन पार्षद वंदना साहू द्वारा उच्च न्यायालय में पहले से ही अपर जिला न्यायाधीश मुलताई द्वारा 13 जून 2023 को जारी आदेश के खिलाफ सिविल रिवीजन प्रस्तुत कर रखा था। इस मामले में भी उच्च न्यायालय द्वारा 4 अक्टूबर को आदेश जारी करते हुए अपर जिला न्यायाधीश मुलताई के 13 जून 2023 के जारी आदेश के प्रभाव एवं क्रियान्वयन पर आगामी सुनवाई तक स्थगन आदेश जारी किया गया है। जिससे अब नीतू परमार ही नगर पालिका पद पर यथावत बनी रहेगी। वहीं मंगलवार को यह आदेश प्राप्त होने पर कांग्रेसियों ने नगर में फटाखे फोड़ कर खुशी मनाई

# रानीपुर से 175 श्रद्धालुओं का जत्था सलकनपुर के लिए पैदल रवाना



**सारनी, देशबन्धु।** क्षेत्र की खुशहाली समृद्धि और उत्तम फसल की पैदावार हो इसको लेकर रानीपुर से 175 लोगों का जत्था सलकनपुर धाम के लिए मंगलवार सुबह रवाना हो गया। रानीपुर से सलकनपुर की पैदल यात्रा यहा जत्था 5 से 6 दिनों में पूरा करता है। बताया जाता है कि रानीपुर,कुही, हीरावाडी के लोग इस जत्था में शामिल होते हैं। रानीपुर क्षेत्र के ग्रामीण जीवन वर्मा,प्रतिक राठौर,आनंद साहू ने बताया कि मंगलवार सुबह प्रात: 5 बजे मां बिजासन देवी की आरती उतार कर रानीपुर से बिजासन धाम की पैदल यात्रा आरंभ की गई है। बिजासन धाम यात्रा की सूचना मिलने के पश्चात ग्राम पंचायत जुवाडी के किसान व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार महतो व उनके परिवार द्वारा जगत जननी बिजासनी की पूजा अर्चना करने के पश्चात पैदल जाने वाले यात्रियों को श्रीफल देकर सम्मान किया एवं उनके मंगल में यात्रा की कामना भी की गई है। यात्री जीवन वर्मा ने बताया कि पहले दिन भौरा के बिजासन देवी मंदिर में विश्राम करेंगे,दूसरे दिन केसला मंदिर,तीसरा दिन बुधनी नर्मदा मंदिर में विश्राम करेंगे,चौथा दिन देवगांव के उड़िया मंदिर,पांचवें दिन बिजासन धाम सलकनपुर पहुंचकर सुबह 4 बजे की पहली आरती के समय निशान चढ़ाकर मां बिजासन देवी की पूजा अर्चना कर अपने क्षेत्र के सुख समृद्धि खुशियली वह अच्छी फसल की लिए माता जगत जननी से मन्नत करने के पश्चात अपने गांव के लिए वापस लौटेंगे। पैदल यात्रा करने वाली समिति के लोगों ने बताया कि इस यात्रा में 175 लोग हैं और इनके खाने पीने की व्यवस्था अपने साथ लेकर जा रहे हैं। रानीपुर से सलकनपुर की यात्रा लगभग 165 किलोमीटर की पैदल यात्रा है।

# फिर पेड़ पर लटका मिला एक व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

मूलताई, देशबन्धु मुलताई क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर लटके मिलने वाले शव का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में ग्राम पाठाखेड़ा में एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिलने से ग्राम में शोक का माहौल फेल गया। मिली जानकारी के अनुसार मुलताई विकास खंड के ग्राम पंचायत उभारिया के ग्राम पाठाखेड़ा में खेत के पास मंगलवार सुबह एक पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका मिला। ग्रामीणों द्वारा इस संबंध में पुलिस को सूचना दी गई की ग्राम पाठाखेड़ा निवासी जंगलू पुत्र सोमा उम्र 55 वर्ष का शव खेत में एक पेड़ पर लटका हुआ मिला है, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के परिजनों द्वारा बताया गया कि सोमवार शाम वह अजीबोगरीब हरकतें कर रहा था, खेत में बनी झोपड़ी में भी उसने आग लगा दी थी और उसके बाद वह घर से चला गया था। मंगलवार सुबह तक वह घर वापस नहीं आया, सुबह जब उसका लड़का खेत पर दूध लेने गया तब खेत के पास पेड़ पर लटकी हुई उसकी लाश मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कर पोस्टमार्टम हेतु मुलताई के सरकारी अस्पताल भेज दिया, फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

## सार समाचार

### हथियारों के प्रदर्शन एवं हथियारों को लेकर चलने पर रहेगा प्रतिबंध

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** संपूर्ण मध्यप्रदेश के साथ नर्मदापुरम जिले में 9 अक्टूवर 2023 से आचार संहिता प्रभावशील हो गई है, आचार संहिता निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तक प्रभावशील रहेगी। उक्त परिप्रेक्ष्य में जिला दंडाधिकारी नीरज कुमार सिंह ने हथियारो के प्रदर्शन, हथियारो को साथ लेकर चलने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि यह आदेश कानून एवं व्यवस्था के कार्य में लगे पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, कार्यपालिक दंडाधिकारियों, बैंक, सुरक्षा एंजेसियों में कार्यरत कर्मचारियों एवं अन्य लोक सेवकों पर प्रभावी नही होगा। इसके अलावा जिले की सीमा क्षेत्रांतर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थल पर आग्नेयास्त्रों एवं अन्य घातक हथियारों को लेकर कोई भी व्यक्ति न तो चलेगा और न ही उनका प्रदर्शन करेगा।

### धरना एवं जुलूसों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीरज कुमार सिंह ने विधानसभा आम निर्वाचन कार्य समाप्ति तक की अवधि के लिए नर्मदापुरम जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय, उपखंड कार्यालय सिवनीमालवा, होशंगाबाद, सोहागपुर, पिपरिया एवं समस्त तहसील कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय भवन परिसर, जनपद पंचायत कार्यालय भवन परिसर में जनसभा एवं जुलूसों के प्रवेश पर रोक लगाई है। उक्त आदेश 9 अक्टूबर से प्रभावशील होकर निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक के लिए प्रभावशील रहेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

# सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आदर्श आचरण संहिता के निर्देशों के तहत ही की जाए पोस्ट

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए,कतिपय असामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा इन्टरनेट तथा सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप्प, एक्स इत्यादि के माध्यम का दुरूपयोग कर सांप्रदायिक, धार्मिक तथा जातिगत विद्वेष पहुचाने संबंधी दुर्भावना पूर्ण पोस्ट करने की सूचनाए प्राप्त होती रही है। ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है, कि जिला अंतर्गत सामान्य व्यक्तियों, आसामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा इन्टरनेट तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साम्प्रदायिक तथा जातिगत विद्वेष दुभावना पूर्ण संदेशों को पूर्णत: प्रतिबंधित किये जाने की कार्यवाही संपादित की जाए। जिसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के उपयोग के संबंध में धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश के तहत निर्वाचन से संबंधित अभ्यर्थीयों के बारे में प्रचार-प्रसार संबंधी लेख, जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति के प्रमाणन के पश्चात ही अपलोड किये जाएं। आम जन, राजनैतिक दलों, अभ्यर्थीयों एवं शासकीय सेवको द्वारा भी सोशल मीडिया मे आदर्श आचार संहिता के निर्देशों के अधीन रहते हुये लेख, वीडियों अपलोड किये जायें। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों जैसे वाट्सएप, फेसबुक, हाईक, एक्स, एसएमएस, इस्ट्राग्राम, इत्यादि का दुरूपयोग कर जातिगत, धार्मिक, सामाजिक भावनाओं एवं विद्वेष को भडकने करने के लिए किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण नही करेगा। कोई भी व्यक्ति उपरोक्त ऊपर वर्णित सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलने वाले संदेश, फोटो, आडियो वीडियो इत्यादि भी सम्मिलित है, जिसमें धार्मिक, जातिगत, सामाजिक आदि भावनाएं भड़क सकती है, या सांप्रदायिक विद्वेष उत्पन्न होता है, को न ही प्रसारित करेगा या भेजेगा।

सोशल मिडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक, सांप्रदायिक, जातिगत भावनाए भड़कती हो कमेट, लाईक, शेयर या फारवर्ड नही करेगा। ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप मे इस प्रकार के संदेशों को रोके तथा तत्काल उनकी सूचना निकटतम थाने को प्रदान करें। संभव हो, तो ग्रुप एडमिन ग्रुप की सेंटिंग ओनली फॉर एडमिन पर भी रख सकते है।

कोई भी सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने वाले या लोगों अथवा समुदाय के मध्य घृणा, वैमनस्यता के माध्यम से पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने या हिंसा फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यमो से नही करेगा और न ही इसके लिए प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति विकृत फोटो, वीडियो, ऑडियो, अफवाह या तथ्यो को तोड़-मरोड़कर भडकाने वाले संदेश जिससे लोग या समुदाय विशेष हिंसा या गैरकानूनी गतिविधियो में संलग्न हो जाये, प्रसारित नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, समुदाय ऐसे संदेशों को प्रसारित नही करेगा, जिनसे किसी व्यक्ति, संगठन, समुदाय आदि को एक स्थान पर एक राय होकर जमा होने या उनसे कोई विशेष या गैरकानूनी गतिविधियां करने हेतु आव्हान किया गया हो, जिससे कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना विद्यमान हो।

## कलेक्टर एसपी ने बैतूल और हरदा सीमा पर स्थित चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत वाहनों की सघन जांच के लिए जिले में 13 स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) स्थापित किए गए हैं। मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरन सिंह ने सिवनीमालवा की सीमा पर ग्राम गंजाल हरदा और ग्राम ढेकना बैतूल चेक पोस्ट का निरीक्षण किया।

उन्होंने यहां एसएसटी टीम द्वारा की जारी वाहनों की जांच प्रक्रिया देखी। साथ ही वाहनों के रिकॉर्ड रजिस्टर का भी अवलोकन किया। कलेक्टर एवं एसपी ने निर्देशित किया कि जांच नाकों पर रात्रि में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था रहें। चेक पोस्ट पर सीसीटीवी भी लगाएं। साथ ही वीडियोग्राफी भी कराई जाए। उन्होंने संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत भी कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाए। जनप्रतिनिधियों को आवंटित शासकीय वाहन भी वापस जिला कार्यालय में जमा कराएं जाएं। ताकि उनका उपयोग निर्वाचन में किया जा सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सिवनीमालवा प्रमोद गुर्जर, तहसीलदार सिवनीमालवा एवं जनपद सीईओ सिवनीमालवा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

सोमवार की रात को बनखेड़ी नरसिंहपुर सीमा पर स्थित ग्राम माल्हनवाड़ा चेक पोस्ट का भी निरीक्षण कर एसएसटी (स्थैतिक निगरानी दल) द्वारा की जा रही वाहनों की जांच प्रक्रिया देखी थी। इस दौरान उन्होंने वाहनों के जांच संबंधी रजिस्टर का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़नदस्ता टीम को टीम को निर्देशित किया कि चेक पोस्ट पर वाहनों की अच्छे से जांच करें। जिसमें अवैध शराब, 50 हजार से अधिक राशि उससे जुड़े दस्तावेज , मूल्यवान वस्तुएं इत्यादि निर्वाचन को प्रभावित करने वाली सामग्री का अवलोकन करें। पुलिस अधीक्षक डॉ सिंह ने भी अधिकारियों को वाहनों की जांच के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## रेल दुर्घटना में खेल शिक्षक के पैर कटे

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शहर में प्रारंभ हुई 67वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में रात्रि को लगभग 2 बजे एक दुखद दुर्घटना हुई। जिसमें खरगोन के एक खेल शिक्षक श्री शेख जो अपने खिलाड़ी बच्चों को लेकर खरगोन से उपस्थित हुए थे, प्लेटफार्म पर उतरने के पश्चात किसी बच्चे का किट बेग ट्रेन में छूट जाने के कारण वह पुन: ट्रेन में चढ़े। इस बीच ट्रेन चल दी और चलती हुई चलती ट्रेन से उतरने के प्रयास में वे ट्रेन से गिर गए और उनके साथ ये दुर्घटना घट गई। जिसमें उनके दोनों पैर पंजे के पास से गाड़ी के नीचे आने से कट गए हैं।

उनका सिर में भी काफी चोट है उनकी छाती में भी कुछ पसलियां टूट गई है। ऐसी स्थिति में उनको तत्काल चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई गई। वर्तमान में वे नर्मदा हॉस्पिटल नर्मदापुरम में एडमिट है। जिला प्रशासन की ओर से और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से लगातार उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। शिक्षकों की ड्यूटी उनके स्वास्थ्य के अद्दतन स्थिति जानने के लिए लगाई गई है। उनके परिवार के सदस्यों को भी सूचित कर दिया गया था वे भी उपस्थित हो चुके हैं। वर्तमान में उनकी स्थिति चिंताजनक है। दुर्घटना वास्तव में किस प्रकार से हुई यह वास्तविक रूप से शिक्षक के होश में आने पर ही ज्ञात हो सकेगा।

## रेलवे की लापरवाही से नाले में गिरा छात्र, कोचिंग से लौटते वक्त हादसा

**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे के अधिकारियों की लापरवाही से आज शाम एक बच्चा कोचिंग से लौटते वक्त नाले में गिर गया। न्यू यार्ड संतोषी माता मंदिर से लेकर मुक्तिधाम तक रेलवे ने बारिश का पानी निकालने



जेसीबी मशीन से नाला खोदा था, उस नाले को आज तक पक्का नहीं किया।रामनगर के रह वासियों ने उस नाले में पाइप डालकर रास्ता तो चालू कर दिया, साइड में खुला होने से आज कोचिंग से अपने घर लौटते वक्त उस नाले में आशीष पोनीकर नामक बालक सायकिल सहित गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे बमुश्किल नाले से निकाला, अन्यथा बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। ये घटना रात में होती और साइकिल सवार बालक सिर के बल गिरता तो गंभीर हादसा हो सकता था। रेलवे अधिकारियों को इस ओर ध्यान देकर नाले को पक्का करनके सुरक्षित करना चाहिए।

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 62 मरीजों की जांच, 5 को मोतियाबिन्द




**इटारसी, देशबन्धु।** सेवा सदन प्राथमिक आंख जांच केंद्र इटारसी, वेन गिविंग फाउंडेशन, मिशन फॉर विजन तथा बाबा गोदड़ी वाला धाम के सहयोग से वर्ल्ड साइट डे के उपलक्ष्य में ग्राम घाटली में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजन किया गया।

शिविर में 62 ग्रामीणों के नेत्रों की जांच ऑप्टोमेट्रिस्ट सत्यवीर सिंह ने की, जिसमें 25 मरीजों को दृष्टिदोष, 5 मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया। परियोजना समन्वयक प्रिंस बेलवंशी ने बताया कि चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों को 12 अक्टूबर 2023, दिन गुरुवार को सेवा सदन आई हॉस्पिटल संत हिरदाराम नगर निशुल्क ऑपरेशन हेतु भेजा जाएगा। इटारसी सेवा सदन आंख जांच केंद्र से कम्युनिटी हेल्थ वर्कर सुश्री कनक ठाकुर, डाटा एंट्री ऑपरेटर शेल्जा पुरानकर, परियोजना समन्वयक प्रिंस बेलवंशी उपस्थित रहे। शिविर में बाबा गोदड़ी वाला धाम से वरिष्ठ समाजसेवी सन्मुखदास चेलानी, घाटली से जन स्वास्थ्य रक्षक मनोज चौधरी का विशेष योगदान रहा।

## लापरवाह वाहन चालक को दूर्घटना कारित करने पर 6 माह का सश्रम कारावास एवं 3500 रूपए अर्थदण्ड

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कि फरियादी 18 अक्टूबर 2018 को शाम 7 बजे अपनी मोटर साइकल क्रमांक एमपी 48 एम एमएफ 3628 हीरोहोण्डा से रेलवे स्टेशन जा रहा था। उसी समय चौराहे पर ट्रेक्टर का चालक अपने ट्रेक्टर ट्राली को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और पलकमति पुल पर ट्रेक्टर चालक ने दो मोटरसाइकल को टक्कर मारा जिसमे करीब 3 लोग घायल हो गये। जिसे फरियादी को दहिने पैर के पंजे में चोट आयी थी। आरोपी के विरुद्ध थाना सोहागपुर में रिपोर्ट दर्ज की गयी। थाना सोहागपुर द्वारा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसका विचारण पश्चात् अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर एवं अभियोजन तर्कों से सहमत होकर प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोहागपुर द्वारा प्रकरण क्र आरसीटी 229/18 अपराध क्र0 438/18 में आरोपी अभयराम को धारा-279, 337, 338 भादंवि में अभियुक्त को 6 माह का सश्रम कारावास एवं कुल 3500 रू के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। शासन की ओर से पैरवी बाबूलाल काकोडिया, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, सोहागपुर द्वारा की गयी। ....

## छह वर्ष पुराने चाकूबाजी के मामले में आरोपी को 4 वर्ष की सजा और जुर्माना

**इटारसी, देशबन्धु।** करीब छह वर्ष पुराने एक चाकूबाजी के मामले में कोर्ट ने आरोपी राजू ठाकुर, निवासी न्यास कालोनी इटारसी को धारा 307 भादंवि में दोषी पाते हुए 4 वर्ष का कारावास एवं 1 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है।

एजीपी भूरे सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपी राजू ने 21 फरवरी 2017 को न्यास कालोनी में रहने वाले दिलीप को चाकू से पेट में वार कर हत्या करने के उद्देश्य से फरयादी के मार्मिक भाग पर हमला किया जिससे उसे प्राणघातक चोटें आई। घटना की रिपोर्ट नगर थाना में दिलीप ने की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस ने विवेचना उपरांत आरोपी के खिलाफ अभियोग पत्र प्रस्तुत किया।

तृतीय अपर न्यायधीश इटारसी श्रीमती सुशीला वर्मा के न्यायालय में सुनवाई हुई, एजीपी भदौरिया ने बताया कि अभियोजन ने कुल 9 गवाह पेश कर आरोपी राजू ठाकुर के खिलाफ धारा 307 भादवि का अपराध प्रमाणित कर दिया। जिस पर न्यायालय ने आरोपी को 4 वर्ष का कारावास और 1000 रुपये से दंडित किया। आरोपी को जिला जेल नर्मदापुरम भेजा गया। शासन की ओर से पैरवी एजीपी भूरे सिंह भदौरिया, राजीव शुक्ला और सत्यनारायण चौधरी ने की।

## बुदनी-बरखेड़ा के मध्य नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कुछ गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भोपाल मण्डल के भोपाल-इटारसी रेल खंड पर बुदनी-बरखेड़ा घाट सेक्शन के मध्य तीसरी लाइन चालू करने के सम्बंध में बुदनी, मिडघाट, चौका एवं बरखेड़ा स्टेशनों पर प्री नॉन-नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। प्री नॉन-नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान इस खंड पर निर्धारित तिथियों में अपने प्रारंभिक स्टेशन से चलने वाली कुछ गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से एवं कुछ को आंशिक निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इन गाड़ियों का हुआ मार्ग परिवर्तित

1- गाड़ी संख्या 11464 जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस दिनांक 15.10.2023 से 27.10.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया जबलपुर-कटनी मुडवारा-बीना-भोपाल होकर गंतव्य को जाएगी।

2- गाड़ी संख्या 11463 वेरावल-जबलपुर सोमनाथ एक्सप्रेस दिनांक 17.10.2023 से 27.10.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया भोपाल-बीना-कटनी मुड़वारा होकर गंतव्य को जाएगी।

3- गाड़ी संख्या 22192 जबलपुर-इंदौर एक्सप्रेस दिनांक 23.10.2023 से 27.10.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया जबलपुर-कटनी मुडवारा-बीना-भोपाल होते हुए गंतव्य को जाएगी।

4- गाड़ी संख्या 22191 इंदौर-जबलपुर एक्सप्रेस दिनांक 23.10.2023 से 28.10.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया भोपाल-बीना-कटनी मुड़वारा होते हुए गंतव्य को जाएगी।

5- गाड़ी संख्या 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस कामायनी एक्सप्रेस दिनांक 15.10.2023 से 27.10.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-जबलपुर-कटनी होते हुए गंतव्य को जाएगी।

6- गाड़ी संख्या 11072 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस कामायनी एक्सप्रेस दिनांक 15.10.2023 से 27.10.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया कटनी-जबलपुर-इटारसी होते हुए गंतव्य को जाएगी।

7- गाड़ी संख्या 19483 अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस दिनांक 15.10.2023 से 27.10.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया आनंद-छायापुरी-नागदा-संत हिरदारामनगर-निशातपुरा होते हुए गंतव्य को जाएगी।

8- गाड़ी संख्या 19484 बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस दिनांक 15.10.2023 से 27.10.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया निशातपुरा-संत हिरदारामनगर-नागदा-छायापुरी-आनंद होते हुए गंतव्य को जाएगी।

9- गाड़ी संख्या 19435 अहमदाबाद-आसनसोल एक्सप्रेस दिनांक 26.10.2023 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया आनंद-छायापुरी-नागदा-संत हिरदारामनगर-निशातपुरा होते हुए गंतव्य को जाएगी।

10- गाड़ी संख्या 12589 गोरखपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस दिनांक 18.10.2023 एवं 25.10.2023 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया भीमसेन-ओहन-जबलपुर-इटारसी होते हुए गंतव्य को जाएगी।

11- गाड़ी संख्या 12590 सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 19.10.2023 एवं 26.10.2023 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-जबलपुर-ओहन-भीमसेन होते हुए गंतव्य को जाएगी7

12- गाड़ी संख्या 11407 पुणे-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस दिनांक 17.10.2023 एवं 24.10.2023 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-जबलपुर-ओहन-भीमसेन होते हुए गंतव्य को जाएगी।

13- गाड़ी संख्या 11408 लखनऊ जंक्शन-पुणे एक्सप्रेस दिनांक 19.10.2023 एवं 26.10.2023 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया भीमसेन-ओहन-जबलपुर-इटारसी होते हुए गंतव्य को जाएगी।

14- गाड़ी संख्या 22538 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर कुशीनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस दिनांक 24.10.2023 से 27.10.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-जबलपुर-ओहन-भीमसेन होते हुए गंतव्य को जाएगी।

15- गाड़ी संख्या 22537 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस कुशीनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस दिनांक 23.10.2023 से 27.10.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया भीमसेन-ओहन-जबलपुर-इटारसी होते हुए गंतव्य को जाएगी।

16- गाड़ी संख्या 12943 वलसाड-कानपुर एक्सप्रेस दिनांक 25.10.2023 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-जबलपुर-ओहन-भीमसेन होते हुए गंतव्य को जाएगी।

17- गाड़ी संख्या 12944 कानपुर-वलसाड एक्सप्रेस दिनांक 27.10.2023 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया भीमसेन-ओहन-जबलपुर-इटारसी होते हुए गंतव्य को जाएगी।

18- गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला एक्सप्रेस दिनांक 26.10.2023 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया भोपाल-बीना-कटनी होते हुए गंतव्य को जाएगी।

19- गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति एक्सप्रेस दिनांक 29.10.2023 को तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया कटनी-बीना-भोपाल होते हुए गंतव्य को जाएगी।

20- गाड़ी संख्या 04121 सूबेदार गंज-सिकंदराबाद एक्सप्रेस दिनांक 19.10.2023 एवं 26.10.2023 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-कटनी- जबलपुर-इटारसी होते हुए गंतव्य को जाएगी।

21- गाड़ी संख्या 04122 सिकंदराबाद-सूबेदार गंज एक्सप्रेस दिनांक 21.10.2023 एवं 28.10.2023 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-जबलपुर-कटनी-मानिकपुर होते हुए गंतव्य को जाएगी।

ये गाडियां रहेंगी आंशिक निरस्त=

1- गाड़ी संख्या 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस दिनांक 23.10.2023 से 28.10.2023 तक एवं गाड़ी संख्या 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस दिनांक 24.10.2023 से 29.10.2023 तक दुर्ग-इटारसी-दुर्ग के मध्य चलेगी तथा इटारसी-भोपाल-इटारसी के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत केसला में हुआ आयोजन



**इटारसी, देशबन्धु।** कलेक्टर, जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत के निर्देशन व मार्गदर्शन में विधानसभा चुनाव चुनाव अंतर्गत आज मतदान जागरूकता (स्वीप) के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान विधानसभा सिवनी मालवा, सोहागपुर अंतर्गत जनपद पंचायत केसला के विभिन्न ग्राम पंचायत व सरकारी भवन स्कूलों, निजी संपत्ति, सार्वजनिक संपत्ति आदि में संपत्ति विरूपण कार्यवाही कर मतदाता जागरूकता अंतर्गत कार्यक्रम किए।

इस अवसर पर मतदान केंद्रों पर खेल प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के ग्रामीणों ने खेलों में हिस्सा लिया। इनके माध्यम से मतदान की आवश्यकता और महत्वता की जानकारी बीएलओ द्वारा दी गई।

### चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम छमाही में मण्डल को 1044.32 करोड़ रुपए की कमाई हुई

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मण्डल रेल प्रबंधक के कुशल मार्गदर्शन में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में अधिकारियों व पर्यवेक्षक कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करने के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम छमाही अप्रैल से सितम्बर 2023 तक में मण्डल को कुल 1044.32 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ, जो गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व रुपये 926.88 करोड़ से 12.67 प्रतिशत अधिक है। इसमें से 193.56 लाख बुक किये गए यात्रियों से रुपये 472.07 करोड़, अन्य कोचिंग से रुपये 27.97 करोड़, माल परिवहन से रुपये 513.46 करोड़, विविध आय रुपये 30.82 करोड़ शामिल है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया नें कहा कि भोपाल मण्डल रेल प्रशासन अपने सम्माननीय रेल उपभोक्ताओं को शिकायत रहित सेवा प्रदान करने के प्रति कृत संकल्प है, साथ ही रेल राजस्व बढ़ाने के लिए सतत प्रयत्नशील है।

## भागवत कथा मूल पाठ में इंदिरा एकादशी का महत्व बताया

**इटारसी, देशबन्धु।** मालवीयगंज में बड़गोती परिवार द्वारा पितरों की आत्म शांति के लिए श्रीमद् भागवत कथा का मूल पाठ एवं भागवत सत्संग का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कथावाचक पंडित शुभम तिवारी कथा पाठ कर रहे हैं। आज कथा में 52 अवतार एवं बालकृष्ण अवतार और इंदिरा एकादशी का महत्व बताया गया। श्री तिवारी ने बताया कि आश्विन कृष्ण एकादशी पापों को नष्ट करने वाली तथा पितरों को अधोगति से मुक्ति देने वाली होती है। इसके सुनने मात्र से ही वायपेय यज्ञ का फल मिलता है। उन्होंने कहा कि प्राचीनकाल में सतयुग के समय में महिष्मति नाम की एक नगरी में इंद्रसेन नाम का एक प्रतापी राजा धर्मपूर्वक अपनी प्रजा का पालन करते हुए शासन करता था। वह राजा पुत्र, पौत्र और धन आदि से संपन्न और विष्णु का परम भक्त था।



एक दिन जब राजा सुखपूर्वक अपनी सभा में बैठा था तो महर्षि नारद उसकी सभा में आए। राजा उन्हें देखते ही हाथ जोड़कर खड़ा हो गया और विधिपूर्वक आसन व अर्घ्य दिया। मुनि ने राजा से पूछा कि हे राजन! आपके सातों अंग कुशलपूर्वक तो हैं? तुम्हारी बुद्धि धर्म में और तुम्हारा मन विष्णु भक्ति में तो रहता है? देवर्षि नारद की ऐसी बातें सुनकर राजा ने कहा- हे महर्षि! आपकी कृपा से मेरे राज्य में सब कुशल है तथा मेरे यहां यज्ञ कर्मादि सुकृत हो रहे हैं। आप कृपा करके अपने आगमन का कारण कहिए। तब ऋषि कहने लगे कि हे राजन! आप आश्चर्य देने वाले मेरे वचनों को सुनो।मैं एक समय ब्रह्मलोक से यमलोक को गया, वहां श्रद्धापूर्वक यमराज से पूजित होकर मैंने धर्मशील और सत्यवान धर्मराज की प्रशंसा की। उसी यमराज की सभा में महान ज्ञानी और धर्मात्मा तुम्हारे पिता को एकादशी का व्रत भंग होने के कारण देखा। उन्होंने संदेशा दिया सो मैं तुम्हें कहता हूं। उन्होंने कहा कि पूर्व जन्म में कोई विघ्न हो जाने के कारण मैं यमराज के निकट रह रहा हूं, सो हे पुत्र यदि तुम आश्विन कृष्णा इंदिरा एकादशी का व्रत मेरे निमित्त करो तो मुझे स्वर्ग की प्राप्ति हो सकती है।

इतना सुनकर राजा कहने लगा कि हे महर्षि आप इस व्रत की विधि मुझसे कहिए। नारदजी कहने लगे- आश्विन माह की कृष्ण पक्ष की दशमी के दिन प्रात:काल श्रद्धापूर्वक स्नानादि से निवृत्त होकर पुन: दोपहर को नदी आदि में जाकर स्नान करें। फिर श्रद्धापूर्व पितरों का श्राद्ध करें और एक बार भोजन करें। प्रात:काल होने पर एकादशी के दिन दातून आदि करके स्नान करें, फिर व्रत के नियमों को भक्तिपूर्वक ग्रहण करता हुआ प्रतिज्ञा करें कि 'मैं आज संपूर्ण भोगों को त्याग कर निराहार एकादशी का व्रत करूंगा। इस प्रकार नियमपूर्वक शालिग्राम की मूर्ति के आगे विधिपूर्वक श्राद्ध करके योग्य ब्राह्मणों को फलाहार का भोजन कराएं और दक्षिणा दें। पितरों के श्राद्ध से जो बच जाए उसको सूंघकर गौ को दें तथा धूप, दीप, गंध, पुष्प, नैवेद्य आदि सब सामग्री से ऋषिकेश भगवान का पूजन करें। रात में भगवान के निकट जागरण करें। इसके पश्चात द्वादशी के दिन प्रात्काल होने पर भगवान का पूजन करके ब्राह्मणों को भोजन कराएं। भाई-बंधुओं, स्त्री और पुत्र सहित आप भी मौन होकर भोजन करें। इस विधि से यदि तुम आलस्य रहित होकर इस एकादशी का व्रत करोगे तो तुम्हारे पिता अवश्य ही स्वर्गलोक को जाएंगे। श्री तिवारी ने बताया कि इंदिरा एकादशी के दिन जो कोई भगवान विष्णु को तुलसी समर्पण करता है उसके पुत्र या उसके साथ पीढ़ियां भी तर जाती हैं इसलिए कहा गया है कि इंदिरा एकादशी के दिन जो कि पितृपक्ष में आश्विन कृष्ण पक्ष की के दिन आती है, उसके पितृ एवं उसकी साथ पीढ़ी भीतर जाती है अर्चन आचार्य पंडित संजय पाठक ने किया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, आचार संहिता के बारे में दी जानकारी

# लाड़ली बहना योजना बंद नहीं होगी, लेकिन नए हितग्राही नहीं जुड़ेंगे




- सरकारी संसाधनों का चुनाव में उपयोग नहीं कर सकेंगे मंत्री
- स्वेच्छानुदान पर लगाई रोक
- कोई नया निर्माण कार्य भी नहीं होगा

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बंद नहीं की जाएगी, हालांकि इसमें नए हितग्राही के जोड़ने पर रोक रहेगी। लाड़ली बहना योजना के साथ ही अन्य हितग्राही मूलक योजनाएं चलती रहेंगी। प्रदेश में संविदाकर्मी, आंगनबाड़ी, आशा-ऊषा कार्यकर्ता को भी मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ मिलेगा। जबकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कोई नया निर्माण भी नहीं हो सकेगा। वहीं मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और विधायक किसी को स्वेच्छानुदान नहीं दे सकेंगे।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग नए निर्देशानुसार कोई भी मंत्री अपने सरकारी काम के साथ-साथ चुनावी दौरा नहीं कर सकेंगे। चुनाव कार्य के दौरान सरकारी मशीनरी का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। राजकीय विमान या वाहन का उपयोग केवल सरकारी कार्य के लिए होगा। राज्य के खर्च पर अब कोई विज्ञापन नहीं दिया जाएगा। मंत्री सड़क बनाने या पानी पहुंचाने का वादा नहीं कर सकेंगे, कोई नियुक्ति नहीं दी जाएगी। मतदाता को प्रभावित करने वाला कोई भी काम अब नहीं हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी का स्थानांतरण करना आवश्यक है तो उसके लिए प्रस्ताव बनाकर अनुमति के लिए आयोग को भेजना होगा। किसी भी शासकीय या सार्वजनिक स्थान पर किसी का एकाधिकार नहीं होगा। आनलाइन अनुमतियां दी जाएंगी। शासकीय वेबसाइट से राजनीतिक व्यक्तियों के फोटो या संदेश हटाए जाएंगे। शासकीय संपत्ति पर लगे होर्डिंग्स या पोस्टर 24 घंटे, सार्वजनिक संपत्ति पर 48 घंटे और निजी संपत्ति पर लगे होर्डिंग्स 72 घंटे में हटाए जाएंगे। लाउडस्पीकर रात 10 से सुबह 6 बजे तक बंद रहेंगे। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, श्रीमती रुचिका चौहान, मनोज खत्री, बसंत कुर्रे, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला तथा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### 24 घंटे काम करेगा कंट्रोल रूम

शिकायतों के निराकरण के लिए राज्य और जिला स्तर पर 24 घंटे कंट्रोल रूम प्रारंभ हो गए हैं। सी विजिल एप पर भी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकेगी। सौ मिनट में कार्रवाई की सूचना भी दी जाएगी।

### पौने 15 लाख लीटर से ज्यादा अवैध शराब बरामद

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पिछले एक माह में जांच एजेंसियों ने साढ़े 7 करोड़ की नकदी जब्त की है। वहीं, 14 लाख 93 हजार लीटर शराब जब्त की है, जिसका मूल्य 24 करोड़ रुपये है। 22 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स, 12 करोड़ रुपये की बहुमूल्य धातु से बनी वस्तु और 60 करोड़ रुपये मूल्य की अन्य सामग्री जब्त की गई है। बीते 4 माह में एक लाख 70 हजार 623 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई तो एक लाख 77 हजार 33 गैर जमानती वारंट तामील कराए गए। इस दौरान 6 हजार 424 अवैध हथियार जब्त किए गए तो 35 हजार हथियार जमा कराए गए।

# चुनाव से पहले गंगा की शरण में शिवराज, संतों से लेंगे आर्शीवाद



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में चुनाव की घोषणा होने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उत्तराखंड के ऋषिकेश पहुंच गए हैं। वह यहां परमार्थ निकेतन में एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे और स्वामी चिदानंद सरस्वती समेत अन्य संतों से भेंटकर कर आर्शीवाद प्राप्त करेंगे। ऐसा नहीं है कि मुख्यमंत्री पहली बार यहां गए हों, अपितु जब भी चुनाव की घोषणा होती है तब श्री चौहान यहां आकर संतों का आर्शीवाद लेते हैं।

ऋषिकेश में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज गंगा तट पर क्रोटन का पौधा रोपा। बाद में उन्होंने तट पर कुछ देर एकांत में बैठकर चिंतन-मनन किया। इसकी फोटो उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर साझा की, जिसमें उन्होंने लिखा कि ''मां गंगा भारतीय संस्कृति का पुण्य प्रवाह; यही संस्कृति भौतिकता की अग्नि में दग्ध विश्व मानवता को शास्वत शांति के पथ का दिग्दर्शन कराएगी।'' उत्तराखंड पहुंचने पर सोमवार को देहरादून एयरपोर्ट पर सरकार की ओर से वित्त व संसदीय कार्य, शहरी विकास मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने मुख्यमंत्री चौहान का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड सरकार की तारीफ की। साथ ही कहा कि उत्तराखंड जैसे छोटे से पहाड़ी राज्य को वर्ष 2025 तक देश के अग्रणी राज्यों की सूची में शामिल कराने का संकल्प सच्चे जनप्रतिनिधि की पहचान हैं। शिवराज ने यह भी कहा कि इनवेस्टर समिट का आयोजन और उसके लिए देश ही नहीं, विदेश के भी उद्योगपतियों के साथ अभी तक करीब 39 हजार करोड़ रुपये का एमओयू साइन करना राज्य के विकास के लिए दूरगामी सोच का परिणाम कहा जा सकता है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-

# कांग्रेस के खून में अंग्रेजों के जींस, विभाजन उसका मूलचरित्र



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि इजराइल पर आतंकियों के बर्बर हमले से देश की जनता स्तब्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस हमले पर पर दुख व्यक्त किया है और इस संकट की घड़ी में इजराइल के साथ एकजुटता प्रदर्शित की है। लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस इस मामले में देश के अधिकृत स्टेंड से अलग जा रही है और कांग्रेस कार्यसमिति बैठक में आतंकियों के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया है। कांग्रेस का यह रवैया नया नहीं है, बल्कि कांग्रेस का हाथ हमेशा से आतंकवादियों, नक्सलवादियों और जिहादियों के साथ रहा है। श्री शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कांग्रेस के इस रवैये की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में जनता ही कांग्रेस की इस समस्या का इलाज करेगी। श्री शर्मा ने कहा कि जो देश के लिए खतरनाक हैं, देश पर हमला करते हैं, कांग्रेस उनके लिए प्रेम दिखाती रही है। कांग्रेस के लोग वैश्विक आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को ओसामा जी कहते हैं, तो मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद को हाफिज साहब कहते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि दिल्ली में बाटला हाउस एनकाउंटर में मारे गए आतंकियों के लिए सोनिया गांधी ने जहां लगातार आंसू बहाए, वहीं, मि. बंटाढार दिग्विजयसिंह तो उस मुठभेड़ को ही फर्जी बताते रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने सिमी को समर्थन दिया, कर्नाटक चुनाव के समय पीएफआई को समर्थन दिया। मुंबई हमले में अनगिनत बेगुनाहों को मारने वाले आतंकी कसाब के प्रति कांग्रेस का नरम रुख किसी से छिपा नहीं है।

श्री शर्मा ने कहा कि हमारे आदिवासी भाईयों की बात करते समय राहुल गांधी को यह याद रखना चाहिए कि देश में अलग जनजातीय मंत्रालय बनाने का काम स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने किया था। वहीं, आदिवासी भाईयों को अधिकार संपन्न और खुशहाल बनाने के लिए पेसा एक्ट लागू करने का काम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान की सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यह भूल गए कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी ने उसी शहडोल से पेसा एक्ट को लागू किया था, जहां पर वो आदिवासी भाईयों में भेद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

# कलेक्टर निशा बांगरे को मुचलके पर छोड़ा, जेल से हुईं रिहा

**भोपाल, देशबन्धु।** छतरपुर की डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे को मंगलवार शाम को जमानत मिल गई। इसके बाद उन्हें रात में उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। निशा को सोमवार को भोपाल पुलिस ने हिरासत में लिया था। इसके बाद विशेष कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया, जहां उन्होंने जमानत लेने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद निशा को जेल भेज दिया गया था, आज मंगलवार को उन्हें विशेष कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ही अदालत से जमानत दे दी गई। जानकारी के अनुसार, बांगरे को 10 हजार के मुचलके पर जमानत दी गई है। निशा ने जेल से बाहर आते ही सबसे पहले आपने 3 वर्षीय बच्चे को गले लगाया। उसे गोद में लेकर दुलार किया। इसके बाद उन्होंने कहा, लोकतंत्र की इस लड़ाई में जनता मेरे साथ है। लोकतंत्र को बचाने जो भी रास्ता अपनाना होगा हम अपनाएंगे।

उल्लेखनी है कि कि निशा बांगरे डिप्टी कलेक्टर के पद से इस्तीफा दे चुकी हैं, लेकिन 3 महीने से भी अधिक का समय बीत जाने के बावजूद सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। इस्तीफा स्वीकार करवाने के लिए निशा ने आमला से भोपाल तक की पैदल न्याय यात्रा निकाली। सोमवार को वे जब अपने समर्थकों के साथ भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचीं तो उसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। वे आमरण अनशन करने सीएम हाउस की तरफ बढ़ रहीं थीं। निशा आमला विधानसभा से चुनाव लड़ना चाहती हैं, इसके लिए उन्होंने अपना इस्तीफा दिया है।

## राजीव शर्मा को मिली सशर्त स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य सरकार द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजीव शर्मा को सशर्त स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दे दी गई है। उनके आवेदन को स्वीकार करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने शर्मा को 9 अक्टूबर से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्रदान की है। आइएएस शर्मा 2003 बैच के अधिकारी है, उन्होंने 28 अगस्त और 3 अक्टूबर को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग में आवेदन दिया था। उनके आवेदन पर 3 माह का वेतन जमा करने की प्रावधान में मिली छूट को स्वीकार किया गया है। हालांकि इसके पहले वरदमूर्ति मिश्रा ने 3 माह का वेतन जमा कर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्वीकृत की थी। वहीं दूसरी ओर शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी निशा बांगरे का त्यागपत्र अब तक स्वीकृति नहीं किया है।

## कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता योगेश गुप्ता भाजपा में शामिल

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता श्री योगेश गुप्ता ने म भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी, नरेन्द्र सलूजा, दुर्गेश केसवानी, मिलन भार्गव उपस्थित रहे।



# विशेषाधिकार समिति के सामने पेश नहीं हुए रमेश बिधूड़ी

- राजस्थान विधान सभा चुनाव में व्यस्त होने का बताया कारण
- दानिश अली के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बसपा सांसद दानिश अली पर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में लोक सभा की विशेषाधिकार समिति द्वारा तलब किए जाने के बावजूद भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी समिति के सामने पेश नहीं हुए। बताया जा रहा है कि, राजस्थान विधान सभा चुनाव में व्यस्त होने के कारण रमेश बिधूड़ी आज लोक सभा की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश नहीं हो पाए। सूत्रों की माने तो, बिधूड़ी ने विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह को पत्र लिखकर यह सूचित कर दिया था कि वह आज समिति के सामने पेश नहीं हो पाएंगे। दरअसल, बसपा सांसद दानिश अली और भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी विवाद पर लोक सभा की विशेषाधिकार समिति ने आज पहली बैठक बुलाई थी जिसमें आज समिति ने भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को अपना पक्ष रखने के लिए तलब किया था। संसद के विशेष सत्र में लोक सभा में 'चंद्रयान-3 की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां' पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने पिछले महीने 21 सितंबर को दानिश अली के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था।

### कई सांसदों ने की थी कार्रवाई की मांग

दानिश अली के अलावा लोक सभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले, टीएमसी सांसद अपरूपा पोद्दार, डीएमके सांसद कनिमोझी सहित विपक्ष के कई अन्य सांसदों ने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। वहीं दूसरी तरफ, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और रवि किशन ने भी लोक सभा अध्यक्ष बिरला को पत्र लिखकर दावा किया था कि पहले अली ने बिधूड़ी को उकसाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। भाजपा राज्य सभा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने भी स्पीकर को पत्र लिखकर दानिश अली के व्यवहार की शिकायत की थी।

भाजपा ने वसुंधरा को दिया झटका

# विरोधियों को मिला टिकट, समर्थक लगे किनारे

- 41 की पहली सूची में 29 नए उम्मीदवारों को मौका



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राजस्थान में केंद्रीय नेतृत्व व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बीच की दूरियां बढ़ती जा रही हैं। इससे विधानसभा चुनाव में पार्टी की गुटबाजी खुलकर सामने आ सकती है। सोमवार को जारी प्रत्याशियों की पहली सूची में पार्टी सात सांसदों को मैदान में उतारा। लेकिन सूची को देखकर साफ पता चलता है कि टिकट के बटवारे में वस्त्रुधरा की नहीं चली। यहां तक की उनके कई समर्थकों का टिकट काट दिया गया। 41 उम्मीदवारों की पहली सूची में 29 नए उम्मीदवारों को मौका दिया गया है। लेकिन हैरानी की बात है कि इसमें एक भी वसुंधरा समर्थक नहीं हैं। वहीं राजघराने से ही ताल्लुक रखने वाली उनकी धुर विरोधी सांसद दीया कुमारी को विधानसभा का टिकट देकर पाटी ने वसुंधरा को सख्त संदेश भी दे दिया है।

## दीया कुमारी को आगे कर सकती है पार्टी



माना जा रहा है कि पार्टी अब वसुंधरा के विकल्प के तौर पर दीया कुमारी को आगे कर सकती है। पार्टी की पहली सूची में वसुंधरा का नाम न होना भी हैरान करता है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में वसुंधरा समर्थकों द्वारा उन्हें लंबे समय से मुख्यमंत्री को चेहरा घोषित करने की मांग होती आ रही है। लेकिन भाजपा ने साफ कर दिया है कि किसी को भी मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया जाएगा। पार्टी सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव में जाएगी। यह वसुंधरा के लिए बडा झटका है। यही स्थिति मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी है। वहां भी क्रमश: शिवराज सिंह चौहान और रमन सिंह को किनारे लगाने की तैयारी है। बता दें कि हाल ही में जयपुर में प्रधानमंत्री की एक रैली हुई,जिसमें वसुंधरा मंच पर मौजूद रहीं। लेकिन प्रधानमंत्री ने न उनसे नजर मिलाई और न ही उनसे कोई बातचीत कीं। तभी से अंदाजा लगाया जा रहा था कि आने वाले दिन राजस्थान की राजनीति में वसुंधरा को भारी पड़ सकते हैं।

# अल्पसंख्यकों को जोड़ने के लिए अभियान चलाएगी भाजपा

## नड्डा करेंगे स्नेह संवाद अभियान की शुरुआत



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा अपना जनाधार व्यापक करने और अल्पसंख्यकों को पार्टी के साथ बड़े पैमाने पर जोड़ने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू करने की तैयारी में हैं। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के ठीक बाद इस अभियान को शुरू किया जाएगा। पार्टी ने इसे अल्पसंख्यक स्नेह संवाद नाम दिया है।

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया पांच दिसम्बर तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद ही भाजपा इस अल्पसंख्यक स्नेह संवाद अभियान का आगाज कर देगी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा इस अभियान की शुरुआत करेंगे। हालांकि इस अभियान में भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा की बड़ी भूमिका होगी। इस अल्पसंख्यक स्नेह संवाद के तहत बूथ सशक्तिकरण से लेकर अल्पसंख्यको के साथ सामाजिक संपर्क बढाने व महिलाओं का सम्मेलन, सूफी सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुरू किए जा रहे इस अल्पसंख्यक स्नेह संवाद अभियान तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कां भी एक राष्टीय स्तर पर बड़ा कार्यक्रम होगा। जिसे वे संबोधित करेंगे। हालांकि कार्यकम इस कार्यक्रम की तारीख और जगह अभी तक तय नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि इस पहल के तहत सामाजिक और धार्मिक प्रभाव नेताओं के साथ ही मोदी मित्रों और केंद्रीय योजनाओं की अल्पसंख्यक महिला लाभार्थियों, इसी समुदाय की खेल शख्सियतों व अन्य प्रभावशाली लोगों की चर्चा करवाई जाएगी।

# पुलवामा में इस्तेमाल की जाने वाली आतंकवादियों की अवैध संरचना ध्वस्त



**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में एनआईए की सिफारिश पर राजस्व अधिकारियों ने पुलिस सुरक्षा में सरकारी भूमि (दार-उल-उलूम) पर बनी अवैध संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा, पुलिस और सेना ने 2022 में 11-12 मार्च की मध्यरात्रि के दौरान पुलवामा के चेवा कलां स्थित दारुल उलूम में एक ऑपरेशन चलाया था, जिसमें करीमाबाद निवासी एक स्थानीय आतंकवादी आकिब मुश्ताक और एक विदेशी आतंकवादी मारा गया था। इस मामले की जांच बाद में एनआईए ने अपने हाथ में ले ली और जांच के दौरान, एनआईए ने दर-उल-उलूम के प्रशासकों अर्थात् चेवाकलां निवासी नसीर मोलवी और उसके सहयोगी इम्तियाज को गिरफ्तार कर लिया, जो पहले से ही हिरासत में थे। पुलिस ने कहा कि दार-उल-उलूम में तीन तीन अलग-अलग कमरे हैं जो सरकारी जमीन पर बनाए गए थे और मुठभेड़ की घटना के बाद से बेकार हो गए थे। पुलिस ने कहा, एनआईए की सिफारिशों पर सरकारी भूमि पर इन अवैध संरचनाओं को पुलिस सुरक्षा के तहत राजस्व अधिकारियों ने ध्वस्त कर दिया है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

भाजपा की प्रयोगशाला में मरे हुए.... आदिवासियों की स्थिति पर राहुल ने कहा कि भाजपा की प्रयोगशाला में भाजपा नेता आदिवासियों के ऊपर पेशाब करते हैं। जो जानवरों को भी नहीं खिलाया जाता वो यहां आदिवासियों को खिलाया जाता है। भाजपा के लिए आदिवासी सिर्फ 'वनों के वासी' हैं, जबकि कांग्रेस उन्हें जमीन का मालिक मानती है। राहुल ने कहा कि हमारी सरकार ने आपको 3.5 लाख आदिवासियों को जमीन के पट्टे दिए, भाजपा ने आपको धमकाकर, हिंसा व बल प्रयोग कर आपसे आपका अधिकार छीना। कांग्रेस सरकार आएगी तो आदिवासियों को जमीन का हक वापस देंगे। राहुल ने कहा कि दलित, आदिवासी एवं पिछड़ों को अपना अधिकार मिल सके, इसके लिए हमने जाति आधारित जनगणना की मांग की है ताकि इन्हें अपना अधिकार मिल सके।

# बिहार के बेऊर समेत आठ केंद्रीय जेलों में नियुक्त होंगे मनोचिकित्सक

**पटना, देशबन्धु।** बिहार की जेलों में बंद मानसिक बीमार कैदियों को अब इलाज की सुविधा मिलेगी। प्रदेश के सेंट्रल जेलों में मनोचिकित्सक की बहाली के प्रस्ताव को मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिल गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 14 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक के बाद इसकी जानकारी देते हुए मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रदेश के सभी आठ सेंट्रल जेलों में मानसिक बीमार कैदियों के इलाज के लिए मनोचिकित्सकों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

सभी जेलों में संविदा के आधार पर एक-एक मनोचिकित्सकों की बहाली की जाएगी। डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि आजीवन कारावास और फांसी की सजा पाए बंदियों में लंबे समय तक जेल में रहने के कारण आत्महत्या जैसी प्रवृत्ति उत्पन्न हो जाती है। साथ ही जीवन के प्रति निराशा के कारण इनमें मानसिक रोग अधिक पाया जाता है, जिसके इलाज के लिए क्लिनिकल मनोचिकित्सक की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने बताया कि इस परिस्थिति में कारा चिकित्सा सेवा को सुदृढ़ करने एवं मानसिक रोग से ग्रसित बंदियों को विशेष चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए राज्य के सभी आठ केंद्रीय काराओं में संविदा के आधार पर एक-एक क्लिनिकल मनोचिकित्सक का पद सृजित करने का निर्णय लिया गया है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि जिन आठ केंद्रीय काराओं में क्लिनिकल मनोचिकित्सक की नियुक्ति की जाएगी उनमें आदर्श केंद्रीय कारा बेऊर, पटना, गया केंद्रीय कारा, बक्सर केंद्रीय कारा, पूर्णिया केंद्रीय कारा, मोतिहारी केंद्रीय कारा, विशेष केंद्रीय कारा भागलपुर, केंद्रीय कारा भागलपुर और खुदीराम बोस केंद्रीय कारा मुजफ्फरपुर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) और व्यापार मंडलों को सीएमआर चावल की शत-प्रतिशत आपूर्ति पर मिलने वाले अनुदान की राशि को 10 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 30 रुपए प्रति क्विंटल तक कर दिया है।

उन्होंने बताया कि अब तक पैक्स और व्यापार मंडलों द्वारा सीएमआर चावल की आपूर्ति के आधार पर प्रबंधकीय अनुदान 10 रुपए प्रति क्विंटल की दर से मिलता था। लेकिन, अब सरकार ने इस अनुदान को प्रोत्साहन स्वरूप तीन श्रेणी में बांटकर देने का निर्णय लिया है। खरीफ विपणन मौसम 2022-23 से 30 जून तक सीएमआर चावल की शत-प्रतिशत आपूर्ति करने वाले पैक्स और व्यापार मंडलों को 10 रुपए प्रति क्विंटल की बजाय 30 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अनुदान दिया जाएगा। जबकि, 31 जुलाई तक शत-प्रतिशत चावल की आपूर्ति करने वाले को 25 रुपए प्रति क्विंटल और इसके बाद शत-प्रतिशत चावल की आपूर्ति करने वाले को 20 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अनुदान दिया जाएगा। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राजपुर के तत्कालीन अंचलाधिकारी एवं वर्तमान में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत राकेश कुमार को निगरानी विभाग की टीम ने 15 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। सिद्धार्थ ने बताया कि सरकार ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर अमल करते हुए सरकारी पद का दुरुपयोग एवं अपने भ्रष्ट आचरण से कदाचारयुक्त काम के गंभीर आरोपों के तहत राकेश कुमार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही वह भविष्य में बिहार सरकार की किसी भी सेवा में नौकरी करने के पात्र नहीं रहेंगे। अपर मुख्य सचिव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गए अन्य निर्णयों के बारे में बताया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तहत जिला स्तरीय राजस्व कर्मिचारियों की भर्ती एवं अन्य सेवा शर्तों को विनियमित करने के लिए बिहार राजस्व कर्मचारी संवर्ग नियमावली, 2011 गठित है। इसमें अन्य सेवा संवर्गों के सरकारी सेवकों से संबंधित नियमावली के अनुरूप विभागीय परीक्षा, हिंदी टिप्पणी प्रारूपण परीक्षा, कम्प्यूटर जांच परीक्षा एवं अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति के प्रावधानों में एकरूपता लाने के लिए बिहार राजस्व कर्मचारी संवर्ग (संशोधन) नियमावली-2023 के गठन की स्वीकृति दी गई है। डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि निर्वाचन कार्य के दौरान किसी चुनावकर्मी और सुरक्षाकर्मी की मृत्यु या स्थाई अपंगता की स्थिति में दिये जाने वाले मुआवजा से संबंधित निर्वाचन आयोग, नयी दिल्ली को बिहार सरकार ने अंगीकृत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इसके तहत अब यदि राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव के दौरान भी किसी चुनावकर्मी और सुरक्षाकर्मी की मृत्यु या स्थाई अपंगता की स्थिति बनती है तो मुआवजा दिया जाएगा। इससे पहले इन दो पदों का निर्वाचन इसमें शामिल नहीं था। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि सरकार ने जल संसाधन विभाग के कुल सात सिंचाई अचल पदाधिकारियों का बिहार राजस्व सेवा की मूल कोटि के पद राजस्व अधिकारी एवं समकक्ष ग्रेड में सेवा समायोजन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्प्लेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली* फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।